52/GA/CC/M-2026-06

**Booklet Series**

**A**

**Serial No. 1000425**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Question Booklet

# ANTHROPOLOGY

**Time Allowed : 2 Hours** **Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet is divided into three Sections. Section - I, Section - II and Section - III. Section - I and Section - III are compulsory. **Candidates may offer either Section - II(a) or Section - II(b) in Section - II.**
2. This Question Booklet contains **134** questions in all. **Section - I** consists of Question Nos. **1** to **33 (Compulsory)**, **Section - II(a)** consists of Question Nos. **34** to **67**, **Section - II(b)** consists of Question Nos. **68** to **101** and **Section - III** comprises of Question Nos. **102** to **134 (Compulsory)**.
3. **All** questions carry equal marks.
4. Attempt questions from Section - I **(Compulsory)**, Section - III **(Compulsory)** and Section - II(a) or Section - II(b).
5. An Answer Sheet has been supplied inside the Question Booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
6. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet and the series encoded in answer sheet are same. Also please check that the Question Booklet contains 56 printed pages including two pages (Page Nos. 54 and 55) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or Question Booklet and answer sheet have different series. If you find any defect in this Question Booklet and attached answer sheet, get it replaced immediately by a complete Question Booklet with OMR sheet of the same series.**
7. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
8. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Question Booklet. Each question comprises of **four** responses - (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
10. In the Answer Sheet, there are **four circles** - Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
13. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.



ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

## SECTION - I
**(Compulsory)**

1. The "incest taboo" is often analyzed through the lens of 'Alliance Theory'. According to Claude Levi-Strauss, the primary function of this taboo is:

   (A) To prevent biological degradation within the nuclear family

   (B) To force families to establish social exchange through the "circulation of women"

   (C) To maintain the sanctity of the patriarchal household

   (D) To prevent psychological trauma within the kinship unit

2. In the context of economic anthropology, a "Kula Ring" exchange observed by Malinowski represents which mode of exchange?

   (A) Market exchange driven by price-mechanism

   (B) Balanced reciprocity within a ceremonial framework

   (C) Negative reciprocity to exploit distant partners

   (D) Redistribution by a centralized tribal chief

3. Match the Following

| Column A (Form) | Column B (Definition) |
|---|---|
| 1. Sororate | i. A man marries his deceased brothers widow |
| 2. Levirate | ii. A man marries his deceased wife's sister |
| 3. Cross-cousin | iii. Marriage between children of siblings of the same sex |
| 4. Parallel-cousin | iv. Marriage between children of siblings of the opposite sex |

   Options:

   (A) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

   (B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

   (C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

   (D) 1 - i, 2 - ii, 3 - iv, 4 - iii

4. How does a 'Tribe' fundamentally differ from a 'Band' in anthropological typology?

   (A) Bands are sedentary while tribes are strictly nomadic

   (B) Tribes possess pan-tribal sodalities (clans/age-grades) that link local groups; bands do not

   (C) Bands have hereditary chiefs while tribes are egalitarian

   (D) Tribes are based on market economies: bands are based on redistribution

## खण्ड - I
### (अनिवार्य)

1. 'सगोत्र–संभोग निषेध' (incest taboo) का विश्लेषण अक्सर 'गठबंधन सिद्धांत' (Alliance Theory) के दृष्टिकोण से किया जाता है। क्लाउड लेवी–स्ट्रॉस के अनुसार, इस निषेध का प्राथमिक कार्य है :

   (A) एकल परिवार के भीतर जैविक पतन को रोकना

   (B) परिवारों को "महिलाओं के आदान–प्रदान" के माध्यम से सामाजिक विनिमय स्थापित करने के लिए बाध्य करना

   (C) पितृसत्तात्मक परिवार की पवित्रता को बनाए रखना

   (D) नातेदारी समूह के भीतर मनोवैज्ञानिक आघात को रोकना

2. आर्थिक मानवशास्त्र के संदर्भ में, मालिनोव्स्की द्वारा देखा गया 'कूहा रिंग' (Kula Ring) विनिमय, के किस स्वरूप का प्रतिनिधित्व करता है?

   (A) मूल्य–तंत्र द्वारा संचालित बाज़ार विनिमय

   (B) एक औपचारिक ढाँचे के भीतर संतुलित पारस्परिकता

   (C) दूरस्थ भागीदारों का शोषण करने हेतु नकारात्मक पारस्परिकता

   (D) एक केंद्रीयकृत जनजातीय मुखिया द्वारा पुनर्वितरण

3. निम्नलिखित को मिलान करें

| स्तंभ A (रूप) | | स्तंभ B (परिभाषा) | |
|---|---|---|---|
| 1. | सोरोरेट | i. | एक पुरुष अपने मृत भाई की विधवा से विवाह करता है |
| 2. | लेविरेट | ii. | एक पुरुष अपनी मृत पत्नी की बहन से विवाह करता है |
| 3. | क्रॉस–कज़िन | iii. | एक ही लिंग के भाई–बहनों के बच्चों के बीच विवाह |
| 4. | पैरेलल–कज़िन | iv. | विपरीत लिंग के भाई–बहनों के बच्चों के बीच विवाह |

विकल्प :

(A) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

(D) 1 - i, 2 - ii, 3 - iv, 4 - iii

4. मानवशास्त्रीय वर्गीकरण में 'जनजाति' और 'समूह' में मौलिक अंतर क्या है?

   (A) समूह एक जगह स्थिर रहते हैं जबकि जनजातियाँ पूरी तरह से घुमंतू होती है।

   (B) जनजातियों में सर्व–जनजातीय संगठन (कुल/आयु वर्ग) होते हैं जो स्थानीय समूहों को आपस में जोड़ते हैं, समूहों में ऐसा नहीं होता।

   (C) समूहों में वंशानुगत मुखिया होते हैं जबकि जनजातियाँ समतावादी होती हैं।

   (D) जनजातियाँ बाज़ार अर्थव्यवस्था पर आधारित होती हैं, समूह पुनर्वितरण पर आधारित होते हैं।

5. A kinship system where the groom is required to move into the bride's parents' house after marriage is termed as:
   (A) Patrilocal
   (B) Neolocal
   (C) Uxorilocal (Matrilocal)
   (D) Avunculocal

6. 'Applied Anthropology' is distinguished from 'Academic Anthropology' primarily by its:
   (A) Focus on ancient fossils and stone tools
   (B) Use of statistical data instead of fieldwork
   (C) Intent to solve practical, contemporary social problems
   (D) Rejection of the concept of culture

7. Which term describes the kinship behavior where a specific, respectful distance is maintained between a man and his mother-in-law?
   (A) Joking Relationship
   (B) Couvade
   (C) Avoidance
   (D) Amitate

8. Bronislaw Malinowski's fieldwork tradition emphasized 'Functionalism,' which posits that every cultural element exists to:
   (A) Perpetuate the power of the elite
   (B) Satisfy the biological or psychological needs of individuals
   (C) Prepare the society for industrialization
   (D) Mimic the biological evolution of species

9. The 'Youth Organization' among the Oraon tribe, which serves as a center for socialization and cultural learning, is called:
   (A) Ghotul
   (B) Dhumkuria
   (C) Gitiora
   (D) Morung

10. According to James Frazer, 'Magic' differs from 'Religion' in that magic:
   (A) Asks for help from a higher personal deity
   (B) Constrains or coerces the supernatural through specific formulas
   (C) Is only practiced in modern states
   (D) Requires a large temple structure

11. Match the Religious Beliefs with their Core Principles:

| Column A (Belief) | | Column B (Principle) | |
|---|---|---|---|
| 1. | Animism | i. | Belief in an impersonal supernatural force (Mana) |
| 2. | Animatism | ii. | Belief in distinct spiritual beings or souls |
| 3. | Totemism | iii. | Social / Supernatural prohibition against an act |
| 4. | Taboo | iv. | Mystical relationship between a group and a natural object |

**Options:**
   (A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iv, 4 - iii
   (B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii
   (C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv
   (D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

5. एक ऐसी नातेदारी व्यवस्था जिसमें शादी के बाद दूल्हे को दुल्हन के माता–पिता के घर जाकर रहना पड़ता हैं, उसे कहा जाता है :

(A) पितृस्थानीय

(B) नवस्थानीय

(C) पत्नी–स्थानीय (Matrilocal)

(D) मामा–स्थानीय

6. 'अनुप्रयुक्त मानवशास्त्र' (Applied Anthropology) 'अकादमिक मानवशास्त्र' (Academic Anthropology) से मुख्य रूप से इस आधार पर भिन्न है :

(A) प्राचीन जीवाश्मों और पत्थर के औजारों पर इसका ध्यान केंद्रित होना

(B) क्षेत्र–कार्य (fieldwork) के स्थान पर सांख्यिकीय आँकड़ों का उपयोग करना

(C) व्यावहारिक और समकालीन सामाजिक समस्याओं को हल करने का इसका उद्देश्य

(D) संस्कृति की अवधारणा को अस्वीकार करना

7. वह कौन–सा शब्द है जो रिश्तेदारी के उस व्यवहार को दर्शाता है, जिसमें एक पुरुष और उसकी सास के बीच एक विशिष्ट और सम्मानजनक दूरी बनाए रखी जाती हैं ?

(A) मज़ाकिया रिश्ता

(B) कूवेड

(C) परिहार

(D) एमिटेट

8. ब्रोनिस्लाव मालिनोव्स्की की फील्डवर्क परंपरा ने 'प्रकार्यवाद' (Functionalism) पर ज़ोर दिया, जिसके अनुसार हर सांस्कृतिक तत्व का अस्तित्व इसलिए होता है ताकि वह :

(A) अभिजात वर्ग की सत्ता को बनाए रखे

(B) व्यक्तियों की जैविक या मनोवैज्ञानिक ज़रूरतों को पूरा करे

(C) समाज को औद्योगीकरण के लिए तैयार करे

(D) प्रजातियों के जैविक विकास की नकल करे

9. ओरांव जनजाति में 'युवा संगठन', जो समाजीकरण और सांस्कृतिक शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करता है, उसे कहा जाता है :

(A) घोटुल

(B) धुमकुड़िया

(C) गितिओरा

(D) मोरंग

10. जेम्स फ्रेज़र के अनुसार 'जादू' और 'धर्म' में यह अंतर है कि जादू :

(A) किसी उच्च व्यक्तिगत देवता से सहायता मांगता है

(B) विशिष्ट सूत्रों के माध्यम से अलौकिक शक्तियों को नियंत्रित या विवश करता है

(C) केवल आधुनिक राज्यों में ही प्रचलित है

(D) एक विशाल मंदिर संरचना की अपेक्षा रखता है

11. धार्मिक मान्यताओं को उनके मूल सिद्धांतों से मिलाएँ :

| | कॉलम A (मान्यता) | | कॉलम B (सिद्धांत) |
|---|---|---|---|
| 1. | जीववाद | i. | एक निराकार अलौकिक शक्ति (माना) में विश्वास |
| 2. | जीवशक्तिवाद | ii. | अलग–अलग आध्यात्मिक सत्ताओं या आत्माओं में विश्वास |
| 3. | टोटमवाद | iii. | किसी कार्य के विरुद्ध सामाजिक/अलौकिक निषेध |
| 4. | निषेध | iv. | किसी समूह और किसी प्राकृतिक वस्तु के बीच रहस्यमय संबंध |

विकल्प :

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iv, 4 - iii

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

**12. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A) :** Bronislaw Malinowski is considered the father of modern fieldwork traditions.

**Reason (R) :** He emphasized the importance of 'Participant Observation' and long-term residence in the field.

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.
(C) A is true, but R is false.
(D) A is false, but R is true.

**13.** Arrange the following stages of a classic anthropological Fieldwork process in the correct chronological order:

1. Data analysis and interpretation
2. Selection of the research problem and site
3. Participant observation and data collection
4. Preparation of the final ethnographic report

**Sequence:**

(A) 2 → 3 → 1 → 4
(B) 2 → 1 → 3 → 4
(C) 3 → 2 → 1 → 4
(D) 4 → 2 → 3 → 1

**14.** Regarding Indian Tribes (Oraon, Munda, Ho, Santhal, Birhor), which are correct?

1. The 'Dhumkuria' is the youth organization specifically of the Oraon tribe.
2. The Santhal are historically known for their organized political structure and village headman (Manjhi).
3. The Birhor are traditionally associated with a nomadic hunting-gathering lifestyle.
4. All these tribes belong to the Dravidian linguistic family.

**Select the correct combination:**

(A) 1, 2 and 3
(B) 1, 3 and 4
(C) 2, 3 and 4
(D) 1, 2 and 4

**15.** Match the Scholars with their Primary Contribution to Theory/Fieldwork:

| Column A (Scholar) | Column B (Contribution) |
|---|---|
| 1. B. Malinowski | i. The 4-functional universal definition of family |
| 2. E.B. Tylor | ii. Long-term Fieldwork (Trobriand Islands) |
| 3. G.P. Murdock | iii. Primitive Culture and definition of Religion |
| 4. S.C. Roy | iv. Pioneering studies on Tribes of Chota Nagpur |

**Options :**

(A) 1 - ii, 2 - iii, 3 - i, 4 - iv
(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv
(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv
(D) 1 - iii, 2 - iv, 3 - ii, 4 - i

**16. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** The family is often described as the "cornerstone of human society."

**Reason (R):** According to G.P. Murdock, the nuclear family is the only form of kinship organization found in all human cultures.

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.
(C) A is true, but R is false.
(D) A is false, but R is true.

**12.** निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनें –

अभिकथन (A) : ब्रॉनिस्लाव मैलिनोव्स्की को आधुनिक क्षेत्र–कार्य (fieldwork) परंपराओं का जनक माना जाता है।

कारण (R) : उन्होंने 'सहभागी अवलोकन' (Participant Observation) और क्षेत्र में दीर्घकालिक निवास के महत्व पर ज़ोर दिया।

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**13.** एक क्लासिक मानवशास्त्रीय फील्डवर्क प्रक्रिया के निम्नलिखित चरणों को सही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

1. डेटा का विश्लेषण और व्याख्या
2. अनुसंधान समस्या और स्थल का चयन
3. सहभागी अवलोकन और डेटा संग्रह
4. अंतिम नृवंशविज्ञान रिपोर्ट को तैयारी

क्रम :

(A) $2 \rightarrow 3 \rightarrow 1 \rightarrow 4$

(B) $2 \rightarrow 1 \rightarrow 3 \rightarrow 4$

(C) $3 \rightarrow 2 \rightarrow 1 \rightarrow 4$

(D) $4 \rightarrow 2 \rightarrow 3 \rightarrow 1$

**14.** भारतीय जनजातियों (उरांव, मुंडा, हो, संथाल, बिरहोर) के संबंध में, कौन से कथन सही हैं?

1. 'धुमकुड़िया' विशेष रूप से उरांव जनजाति का युवा संगठन है।
2. संथाल जनजाति ऐतिहासिक रूप से अपनी संगठित राजनीतिक संरचना और ग्राम प्रधान (मांझी) के लिए जानी जाती है।
3. बिरहोर जनजाति पारंपरिक रूप से खानाबदोश शिकार–संग्रह जीवन शैली से जुड़ी है।
4. ये सभी जनजातियाँ द्रविड़ भाषा परिवार से संबंधित हैं।

सही संयोजन चुनें :

(A) 1, 2 और 3

(B) 1, 3 और 4

(C) 2, 3 और 4

(D) 1, 2 और 4

**15.** विद्वानों का उनके सिद्धांत/क्षेत्र–कार्य में मुख्य योगदान से मिलान करें :

| स्तंभ A (विद्वान) | स्तंभ B (योगदान) |
|---|---|
| 1. B. Malinowski | i. परिवार की 4–कार्यात्मक सार्वभौमिक परिभाषा |
| 2. E.B. Tylor | ii. दीर्घकालिक क्षेत्र–कार्य (ट्रोब्रिएंड द्वीप) |
| 3. G.P. Murdock | iii. 'प्रिमिटिव कल्चर' और धर्म की परिभाषा |
| 4. S.C.Roy | iv. छोटा नागपुर की जनजातियों पर अग्रणी अध्ययन |

विकल्प :

(A) 1 - ii, 2 - iii, 3 - i, 4 - iv

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

(D) 1 - iii, 2 - iv, 3 - ii, 4 - i

**16.** निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनें –

अभिकथन (A) : परिवार को अक्सर 'मानव समाज की आधारशिला' के रूप में वर्णित किया जाता है।

कारण (R) : जी.पी. मर्डॉक के अनुसार, एकल परिवार ही नातेदारी संगठन का एकमात्र ऐसा स्वरूप है जो सभी मानव संस्कृतियों में पाया जाता है।

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

17. Regarding 'Political Anthropology', which statements are true?

1. Power in simpler societies is often informal and based on influence.
2. 'Law and Justice' in simpler societies are often based on restorative rather than retributive justice.
3. A State' is defined by the absence of legitimate authority.
4. Nation-building involves forging a national identity from diverse local identities.

**Select the correct combination:**

(A) 1, 2 and 3
(B) 2, 3 and 4
(C) 1, 2 and 4
(D) 1, 3 and 4

18. 'Nation-building' in new states (post-colonial) often involves the anthropological challenge of:

(A) Eliminating all tribal languages
(B) Integrating diverse ethnic 'primordial' identities into a single national identity
(C) Returning to a stone-age economy
(D) Abolishing the nuclear family

19. Which tribe in the Bihar/Jharkhand region is traditionally known for its nomadic 'hunting-gathering', lifestyle and 'Birhor' meaning "man of the forest"?

(A) Santhal
(B) Birhor
(C) Munda
(D) Oraon

20. If an anthropologist is studying the 'Stability and Change' of the joint family in India, which factor is traditionally cited as the primary driver for the transition toward nuclear forms?

(A) Introduction of Western religious values
(B) Industrialization and increased geographical mobility
(C) The strengthening of lineage-based descent
(D) The decline of the incest taboo

21. The concept of 'Animatism', as proposed by R.R. Marett, differs from Tylor's 'Animism' because:

(A) It involves worship of a single God
(B) It believes in an impersonal, supernatural force rather than distinct spirits
(C) It is found only in complex urban civilizations
(D) It denies the existence of the soul

22. Among the Toda or certain Himalayan polyandrous tribes, 'Fraternal Polyandry' is often practiced to:

(A) Ensure higher fertility rates
(B) Prevent the fragmentation of limited agricultural land
(C) Increase the number of separate households
(D) Eliminate the need for dowry payments

23. Among the Santhals, the village headman is known as:

(A) Munda
(B) Manjhi
(C) Pahan
(D) Mahto

24. Which of the following correctly characterizes the differences between 'State' and 'Stateless' political systems?

1. Stateless systems rely on the legitimate authority of kinship/lineage.
2. States possess a centralized monopoly on the use of physical force.
3. Stateless systems are always anarchic and lack any form of social order.
4. Nation-building in new states involves integrating diverse primordial ethnic identities.

**Which of the following are correct?**

(A) 1, 2 and 3
(B) 1, 2 and 4
(C) 2, 3 and 4
(D) 1, 3 and 4

17. 'राजनीतिक नृविज्ञान' के संबंध में, कौन से कथन सत्य हैं?
    1. सरल समाजों में सत्ता अक्सर अनौपचारिक होती है और प्रभाव पर आधारित होती है ।
    2. सरल समाजों में 'कानून और न्याय' अक्सर दंडात्मक न्याय के बजाय उपचारात्मक न्याय पर आधारित होते है ।
    3. एक 'राज्य' को वैध सत्ता की अनुपस्थिति द्वारा परिभाषित किया जाता है ।
    4. राष्ट्र–निर्माण में विविध स्थानीय पहचानों से एक राष्ट्रीय पहचान का निर्माण करना शामिल है ।

    सही संयोजन का चयन करें :
    (A) 1, 2 और 3
    (B) 2, 3 और 4
    (C) 1, 2 और 4
    (D) 1, 3 और 4

18. नए राज्यों (औपनिवेशिक–बाद के) में 'राष्ट्र–निर्माण' में अक्सर मानवशास्त्रीय चुनौती शामिल होती है :
    (A) सभी जनजातीय भाषाओं को समाप्त करना
    (B) विविध जातीय 'आदिम' पहचानों को एक एकल राष्ट्रीय पहचान में एकीकृत करना
    (C) पाषाण–युगीन अर्थव्यवस्था की ओर लौटना
    (D) एकल परिवार को समाप्त करना

19. बिहार/झारखंड क्षेत्र की कौन सी जनजाति पारंपरिक रूप से अपनी घुमंतू 'शिकार–संग्रह' जीवनशैली और 'बिरहोर' (जिसका अर्थ है 'जंगल का आदमी') के लिए जानी जाती है?
    (A) संथाल
    (B) बिरहोर
    (C) मुंडा
    (D) उरांव

20. यदि कोई मानवविज्ञानी भारत में संयुक्त परिवार की 'स्थिरता और परिवर्तन' का अध्ययन कर रहा है, तो एकल परिवार की ओर बदलाव का मुख्य कारण पारंपरिक रूप से किस कारक को माना जाता है?
    (A) पश्चिमी धार्मिक मूल्यों का आगमन
    (B) औद्योगीकरण और भौगोलिक गतिशीलता में वृद्धि
    (C) वंश–आधारित परंपरा का सुदृढ़ीकरण
    (D) सगोत्र–संभोग निषेध (incest taboo) में गिरावट

21. R.R. Marett द्वारा प्रतिपादित 'Animatism' की अवधारणा, Tylor के 'Animism' से इस प्रकार भिन्न है, क्योंकि :
    (A) इसमें किसी एक ईश्वर की पूजा शामिल है
    (B) यह अलग–अलग आत्माओं के बजाय एक निराकार, अलौकिक शक्ति में विश्वास रखती है
    (C) यह केवल जटिल शहरी सभ्यताओं में पाई जाती है
    (D) यह आत्मा के अस्तित्व को नकारती है

22. टोडा या हिमालय की कुछ बहुपति–प्रथा वाली जनजातियों में 'भ्रातृ–बहुपति–प्रथा' (Fraternal Polyandry) का अभ्यास अक्सर इसलिए किया जाता है ताकि:
    (A) उच्च प्रजनन दर सुनिश्चित की जा सके
    (B) सीमित कृषि भूमि के बँटवारे को रोका जा सके
    (C) अलग–अलग परिवारों की संख्या बढ़ाई जा सके
    (D) दहेज देने की आवश्यकता को समाप्त किया जा सके

23. संथालों में, गाँव के मुखिया को इस नाम से जाना जाता है :
    (A) मुंडा
    (B) मांझी
    (C) पाहन
    (D) महतो

24. निम्नलिखित में से कौन 'राज्य' और 'राज्य–विहीन' राजनीतिक प्रणालियों के बीच के अंतरों को सही ढंग से दर्शाता है?
    1. राज्य–विहीन प्रणालियाँ नातेदारी/वंश की वैध सत्ता पर निर्भर करती है ।
    2. राज्यों के पास शारीरिक बल के प्रयोग पर एक केंद्रीकृत एकाधिकार होता है ।
    3. राज्य–विहीन प्रणालियाँ हमेशा अराजक होती हैं और उनमें किसी भी प्रकार की सामाजिक व्यवस्था का अभाव होता है ।
    4. नए राज्यों में राष्ट्र–निर्माण में विविध मूल जातीय पहचानों को एकीकृत करना शामिल होता है ।

    निम्नलिखित में से कौन से सही हैं?
    (A) 1, 2 और 3
    (B) 1, 2 और 4
    (C) 2, 3 और 4
    (D) 1, 3 और 4

25. Identify the correct features of 'Kinship and Descent':

1. A Lineage allows members to trace their descent to a specific known ancestor.
2. A Clan is a larger group where the common ancestor is often mythical.
3. Unilineal descent traces ancestry through only one parent.
4. Neolocal residence is the most common form in traditional tribal societies.

**Which are correct?**

(A) 1, 2 and 3

(B) 2, 3 and 4

(C) 1, 3 and 4

(D) 1, 2 and 4

26. Match the Tribal Groups with their respective Youth Dormitories:

| Column A (Tribe) | Column B (Youth Dormitory) |
|---|---|
| 1. Oraon | i. Ghotul |
| 2. Munda | ii. Dhumkuria |
| 3. Gond | iii. Morung |
| 4. Naga | iv. Gitiora |

**Options:**

(A) 1 - i, 2 - iv, 3 - ii, 4 - iii

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

(C) 1 - ii, 2 - iv, 3 - i, 4 - iii

(D) 1 - iv, 2 - ii, 3 - i, 4 - iii

27. **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Totemism functions as a mechanism of group identity in simpler Societies.

**Reason (R):** Totems act as sacred symbols that delineate the boundary between members of the clan and the rest of the world.

(A) Both A and R are true. and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

28. **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Magic and Religion are identical systems of belief in tribal societies.

**Reason (R):** Both magic and religion involve the use of ritual formulas to influence supernatural powers for human benefit.

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

29. Arrange the following Economic Anthropology concepts in the order of their development from 'primitive' to 'modern' exchange systems:

1. Market Exchange
2. Generalized Reciprocity
3. Redistribution
4. Barter

**Sequence:**

(A) $2 \rightarrow 3 \rightarrow 4 \rightarrow 1$

(B) $4 \rightarrow 2 \rightarrow 3 \rightarrow 1$

(C) $2 \rightarrow 4 \rightarrow 3 \rightarrow 1$

(D) $1 \rightarrow 3 \rightarrow 4 \rightarrow 2$

25. 'नातेदारी और वंश' की सही विशेषताओं को पहचानें :

1. एक वंश (Lineage) सदस्यों को अपने वंश का पता किसी विशिष्ट ज्ञात पूर्वज तक लगाने की अनुमति देता है ।
2. एक कुल (Clan) एक बड़ा समूह होता है जहाँ साझा पूर्वज अक्सर काल्पनिक होता है ।
3. एक रेखीय वंश (Unilineal descent) केवल एक ही माता–पिता के माध्यम से पूर्वजों का पता लगाता है ।
4. नव–स्थानीय निवास (Neolocal residence) पारंपरिक जनजातीय समाजों में सबसे आम रूप है ।

इनमें से कौन से सही हैं ।

(A) 1, 2 और 3
(B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4
(D) 1, 2 और 4

26. जनजातीय समूहों का उनके संबंधित युवा छात्रावासों से मिलान करें :

| कॉलम ए (जनजाति) | | कॉलम बी (युवा छात्रावास) |
|---|---|---|
| 1. उराँव | i. | घोटुल |
| 2. मुंडा | ii. | धुमकुरिया |
| 3. गोंड | iii. | मोरंग |
| 4. नागा | iv. | गिटियोरा |

विकल्प :

(A) 1 - i, 2 - iv, 3 - ii, 4 - iii
(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii
(C) 1 - ii, 2 - iv, 3 - i, 4 - iii
(D) 1 - iv, 2 - ii, 3 - i, 4 - iii

27. निर्देश
नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनें :
अभिकथन (A) : सरल समाजों में टोटमवाद समूह पहचान के एक तंत्र के रूप में कार्य करता है ।
कारण (R) : टोटम पवित्र प्रतीकों के रूप में कार्य करते हैं, जो गोत्र के सदस्यों और शेष दुनिया के बीच की सीमा निर्धारित करते हैं ।

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है ।
(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है ।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है ।

28. निर्देश
नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनें :
अभिकथन (A) : जनजातीय समाजों में जादू और धर्म, विश्वास की एक समान प्रणालियाँ है ।
कारण (R) : जादू और धर्म, दोनों में ही मानवीय लाभ के लिए अलौकिक शक्तियों को प्रभावित करने हेतु अनुष्ठानिक सूत्रों का उपयोग शामिल होता है ।

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है ।
(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है ।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है ।

29. आर्थिक मानवशास्त्र की निम्नलिखित अवधारणाओं को 'आदिम' से 'आधुनिक' विनिमय प्रणालियों के क्रम में व्यवस्थित करें :

1. बाज़ार विनिमय
2. सामान्यीकृत पारस्परिकता
3. पुनर्वितरण
4. वस्तु–विनिमय

क्रम:
(A) 2 → 3 → 4 → 1
(B) 4 → 2 → 3 → 1
(C) 2 → 4→ 3 → I
(D) 1 → 3 → 4 → 2

30. Arrange the following steps for 'Nation-Building' processes in a new State as observed in political anthropology:

1. Integration of diverse ethnic groups
2. Consolidation of central political authority
3. Creation of a common national identity
4. Formalization of legal and judicial systems

**Sequence:**

(A) 2 → 4 → 1 → 3

(B) 1 → 2 → 3 → 4

(C) 4 → 2 → 1 → 3

(D) 2 → 1 → 4 → 3

31. Concerning 'Marriage', identify the accurate statements :

1. The incest taboo is universally present but its definition varies across cultures.
2. Sororate and Levirate are forms of preferential marriage.
3. Marriage payments (like Bridewealth) always signify the buying of a woman.
4. Polyandrous marriage is often an adaptation to resource scarcity.

**Which are correct :**

(A) 2, 3 and 4

(B) 1, 2 and 3

(C) 1, 2 and 4

(D) 1, 3 and 4

32. Match the Tribal Officials with the Santhal Political System :

| Column A (Official) | Column B (Role/Function) |
|---|---|
| 1. Manjhi | i. Assistant to the village headman |
| 2. Paranik | ii. Village Headman (Secular) |
| 3. Jog-Manjhi | iii. Religious / Sacrificial priest |
| 4. Naike | iv. Guardian of youth morals |

**Options :**

(A) 1 - ii, 2 - iv, 3 - i, 4 - iii

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii. 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

(D) 1 - iii, 2 - ii, 3 - i, 4 - iv

33. Arrange the following historical developments of Anthropology as a discipline:

1. Formulation of 'Functionalism' (Malinowski)
2. Early Evolutionary theories (Tylor/ Frazer)
3. Rise of 'Applied Anthropology' in policy/administration
4. Contemporary focus on AI and Global Polarization

**Sequence :**

(A) 4 → 3 → 2 → 1

(B) 1 → 2 → 3 → 4

(C) 2 → 3 → 1 → 4

(D) 2 → 1 → 3 → 4

**30.** राजनीतिक मानवशास्त्र में देखे गए अनुसार, एक नए राज्य में 'राष्ट्र–निर्माण' की प्रक्रियाओं के लिए निम्नलिखित चरणों को क्रमबद्ध करें :

1. विभिन्न जातीय समूहों का एकीकरण
2. केंद्रीय राजनीतिक सत्ता का सुदृढ़ीकरण
3. एक साझा राष्ट्रीय पहचान का निर्माण
4. कानूनी और न्यायिक प्रणालियों का औपचारिकरण

क्रम:

(A) 2 → 4 → 1 → 3

(B) 1 → 2 → 3 → 4

(C) 4 → 2 → 1 → 3

(D) 2 → 1 → 4 → 3

**31.** 'विवाह' के संबंध में, सही कथनों की पहचान करें :

1. निकट–संबंधी विवाह निषेध (incest taboo) सार्वभौमिक रूप से मौजूद है, लेकिन इसकी परिभाषा अलग–अलग संस्कृतियों में भिन्न होती है।
2. सोरोरेट (Sororate) और लेविरेट (Levirate) अधिमान्य विवाह के रूप हैं।
3. विवाह भुगतान (जैसे ब्राइडवेल्थ) हमेशा एक महिला को खरीदने का संकेत देते है।
4. बहुपति विवाह (Polyandrous marriage) अक्सर संसाधनों को कमी के प्रति एक अनुकूलन होता है।

इनमें से कौन से सही हैं?

(A) 2, 3 और 4

(B) 1, 2 और 3

(C) 1, 2 और 4

(D) 1, 3 और 4

**32.** संथाल राजनीतिक व्यवस्था के साथ जनजातीय अधिकारियों का मिलान करें :

| स्तंभ A (अधिकारी) | स्तंभ B (भूमिका/कार्य) |
|---|---|
| 1. मांझी | i. ग्राम प्रधान का सहायक |
| 2. परानिक | ii. ग्राम प्रधान (धर्मनिरपेक्ष) |
| 3. जोग–मांझी | iii. धार्मिक/बलि – संबंधी पुरोहित |
| 4. नाइके | iv. युवाओं के नैतिक मूल्यों का संरक्षक |

विकल्प :

(A) 1 - ii, 2 - iv, 3 - i, 4 - iii

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii. 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

(D) 1 - iii, 2 - ii, 3 - i, 4 - iv

**33.** मानवशास्त्र (Anthropology) के एक विषय के रूप में निम्नलिखित ऐतिहासिक विकासों को क्रमबद्ध करें :

1. 'प्रकार्यवादी' (functionalism) सिद्धांत का प्रतिपादन (मालिनोव्स्की)
2. प्रारंभिक विकासवादी सिद्धांत (टाइलर/फ्रेज़र)
3. नीति/प्रशासन के क्षेत्र में 'अनुप्रयुक्त मानवशास्त्र' (Applied Anthropology) का उदय
4. AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और वैश्विक ध्रुवीकरण पर समकालीन ध्यान केंद्रित होना

क्रम:

(A) 4 → 3 → 2 → 1

(B) 1 → 2 → 3 → 4

(C) 2 → 3 → 1 → 4

(D) 2 → 1 → 3 → 4

1004025 1004025

## SECTION - II (a)
**(Optional)**

34. Which concept of evolutionary theory posits that evolutionary change is the result of changes in allele frequencies within a population over time?
(A) Lamarckism
(B) Darwinism
(C) Synthetic Theory of Evolution
(D) Saltationism

35. A comparative analysis of primates reveals that the "brachiation" trait is a specialization primarily seen in:
(A) Cercopithecoidea
(B) Hominoidea (Apes)
(C) Prosimians
(D) Cebidae

36. Which fossil form is often cited as a transitional candidate between the Miocene apes and the Hominin line?
(A) Proconsul
(B) Ramapithecus
(C) Parapithecus
(D) Lemurids

37. The "Dangerous Myth" of race refers to:
(A) The belief that race is a biological reality with social hierarchies
(B) The use of blood groups for classification
(C) The study of human migration
(D) The impact of climate on skin color

38. Which blood group system is most commonly used in racial classification due to its clear inheritance patterns?
(A) ABO system
(B) Rh factor
(C) MNS system
(D) All of the above

39. The "Negrito" racial element in India is historically argued to be represented by which group?
(A) Andaman Islanders
(B) Toda
(C) Punjabi Brahmins
(D) Santhal

40. Dryopithecus is characterized by :
(A) A Y-5 molar pattern
(B) Fully erect stature
(C) Bipedal locomotion
(D) Tool manufacturing

41. Which criteria of racial classification is considered the "least" reliable due to high environmental plasticity?
(A) Blood groups
(B) Skin color
(C) Stature
(D) Both B and C

42. Homo erectus is associated with:
(A) Discovery of fire
(B) Complex written language
(C) Transition to agriculture
(D) Exclusive existence in Europe

43. Intelligence testing between American Negroes and Caucasoids has been criticized because;
(A) It fails to account for socio-economic and cultural biases
(B) It uses genetic markers
(C) Intelligence is constant
(D) It relies on skull shape

## खण्ड - II (a)
## (ऐच्छिक)

**34.** विकासवादी सिद्धांत की कौन सी अवधारणा यह मानती है कि विकासवादी परिवर्तन, समय के साथ किसी जनसंख्या के भीतर एलील आवृत्तियों में होने वाले परिवर्तनों का परिणाम है?

(A) लैमार्कवाद

(B) डार्विनवाद

(C) विकास का संश्लिष्ट सिद्धांत

(D) साल्टेशनवाद

**35.** प्राइमेट्स के तुलनात्मक विश्लेषण से पता चलता है कि "ब्रेकिएशन" (brachiation) की विशेषता मुख्य रूप से इनमें पाई जाती है :

(A) सेर्कोपिथेकोइडिया

(B) होमिनोइंडिया (एप्स)

(C) प्रोसिमियन्स

(D) सेबिडे

**36.** किस जीवाश्म रूप को अक्सर मायोसीन वानरों और होमिनिन वंश के बीच एक संक्रमणकालीन उम्मीदवार के रूप में उद्धृत किया जाता है?

(A) प्रोकोंसुल

(B) रामापिथेकस

(C) पैरापिथेकस

(D) लैमुरिड्स

**37.** नस्ल के "खतरनाक मिथक" का तात्पर्य है :

(A) यह विश्वास कि नस्ल एक जैविक वास्तविकता है जिसमें सामाजिक ऊँच–नीच होती है

(B) वर्गीकरण के लिए रक्त समूहों का उपयोग

(C) मानव प्रवासन का अध्ययन

(D) त्वचा के रंग पर जलवायु का प्रभाव

**38.** नस्लीय वर्गीकरण में, स्पष्ट वंशानुक्रम पैटर्न के कारण, सबसे अधिक किस रक्त समूह प्रणाली का उपयोग किया जाता है?

(A) ABO प्रणाली

(B) Rh कारक

(C) MNS प्रणाली

(D) उपरोक्त सभी

**39.** भारत में "नेग्रिटो" नस्लीय तत्व का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से किस समूह द्वारा किया जाता है?

(A) अंडमान द्वीपवासी

(B) टोडा

(C) पंजाबी ब्राह्मण

(D) संथाल

**40.** ड्रायोपिथेकस की विशेषता है :

(A) A Y-5 मोलर पैटर्न

(B) पूरी तरह से सीधा कद

(C) दो पैरों पर चलना

(D) औजार बनाना

**41.** नस्लीय वर्गीकरण का कौन–सा मापदंड, उच्च पर्यावरणीय लचीलेपन के कारण "सबसे कम" विश्वसनीय माना जाता है?

(A) रक्त समूह

(B) त्वचा का रंग

(C) कद–काठी

(D) B और C दोनों

**42.** होमो इरेक्टस का संबंध किससे है?

(A) आग की खोज

(B) जटिल लिखित भाषा

(C) कृषि की ओर संक्रमण

(D) केवल यूरोप में अस्तित्व

**43.** अमेरिकी नीग्रो और कॉकेशियन लोगों के बीच बुद्धि परीक्षण की आलोचना इसलिए की गई है, क्योंकि :

(A) यह सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों को ध्यान में रखने में विफल रहता है।

(B) यह आनुवंशिक चिह्नों का उपयोग करता है।

(C) बुद्धि स्थिर होती है।

(D) यह खोपड़ी के आकर पर निर्भर करता है।

**44.** Nutrition affects race formation primarily through:

(A) Changes in gene pool

(B) Phenotypic expression of stature and weight

(C) Altering blood groups

(D) Increasing mutation rate

**45.** Consider the following statements regarding Evolutionary Theories:

1. Lamarckism emphasizes the "inheritance of acquired characteristics."
2. Darwinism relies on the principle of differential reproductive success.
3. Synthetic Theory combines Darwinian selection with population genetics.
4. Microevolution refers to large- scale changes resulting in new species formation.

**Which of the following combinations is correct?**

(A) 1, 2 and 4

(B) 1, 2 and 3

(C) 2, 3 and 4

(D) 1, 3 and 4

**46.** Identify the correct characteristics of the following Fossil Hominids:

1. Ramapithecus: Often debated as an early Hominin candidate.
2. Dryopithecus: Ancestral ape with a Y-5 molar pattern.
3. Australopithecus africanus: Small-brained but habitually bipedal.
4. Homo erectus: Known for the first large-scale manufacture of metal tools.

**Which are correct?**

(A) 1, 2 and 3

(B) 2, 3 and 4

(C) 1, 3 and 4

(D) 1, 2 and 4

**47.** Identify the correct associations in Indian Racial Classifications:

1. Risley: Used nasal index as a primary criterion.
2. B.S. Guha: Classification based on complex metric and morphological traits.
3. Sarkar: Emphasized serological/ genetic data.
4. Eickstaedt: Focused exclusively on linguistic affinity.

**Which are correct?**

(A) 1, 3 and 4

(B) 2, 3 and 4

(C) 1, 2 and 3

(D) 1, 2 and 4

**48.** Which of the following statements about Genetics are true?

1. Mendelian principles do not apply to human populations.
2. Hybridization between distinct populations can increase genetic diversity.
3. Genetic drift is a more significant factor in small, isolated populations.
4. Mutations are the ultimate source of new genetic variation.

**Select the correct combination:**

(A) 1, 2 and 3

(B) 2, 3 and 4

(C) 1, 3 and 4

(D) 1, 2 and 4

44. पोषण मुख्य रूप से निम्नलिखित के माध्यम से प्रजाति निर्माण को प्रभावित करता है :

(A) जीन पूल में परिवर्तन

(B) कद और वज़न की फेनोटाइपिक अभिव्यक्ति

(C) रक्त समूहों में परिवर्तन

(D) उत्परिवर्तन दर में वृद्धि

45. विकासवादी सिद्धांतों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. लामार्कवाद 'अर्जित लक्षणों की वंशागति' पर ज़ोर देता है ।
2. डार्विनवाद विभेदक प्रजनन सफलता के सिद्धांत पर आधारित है ।
3. संश्लेषित सिद्धांत डार्विनवादी चयन को समष्टि आनुवंशिकी के साथ जोड़ता है ।
4. सूक्ष्म–विकास (Microevolution) का तात्पर्य बड़े पैमाने पर होने वाले उन परिवर्तनों से है जिनके परिणामस्वरूप नई प्रजातियों का निर्माण होता है ।

निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सही है?

(A) 1, 2 और 4

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) 1, 3 और 4

46. निम्नलिखित जीवाश्म होमिनिड्स की सही विशेषताओं को पहचाने :

1. रामापिथेकसः अक्सर एक शुरुआती होमिनिन उम्मीदवार के रूप में इस पर बहस होती है ।
2. ड्रायोपिथेकस : Y-5 मोलर पैटर्न वाला एक पूर्वज वानर ।
3. ऑस्ट्रेलोपिथेकस अफ्रीकनसः छोटा मस्तिष्क वाला, लेकिन आदतन दो पैरों पर चलने वाला ।
4. होमो इरेक्टसः धातु के औजारों के पहले बड़े पैमाने पर निर्माण के लिए जाना जाता है ।

इनमें से कौन से सही हैं?

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 1, 2 और 4

47. भारतीय नस्लीय वर्गीकरणों में सही मिलान पहचानें :

1. रिस्लेः नासिका सूचकांक (nasal index) को मुख्य मापदंड के रूप में इस्तेमाल किया ।
2. B.S. गुहाः जटिल मापीय और रूपात्मक लक्षणों पर आधारित वर्गीकरण ।
3. सरकारः सीरोलॉजिकल/आनुवंशिक डेटा पर ज़ोर दिया ।
4. आइकस्टेडटः विशेष रूप से भाषाई समानता पर ध्यान केंद्रित किया ।

इनमें से कौन–से सही हैं?

(A) 1, 3 और 4

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 2 और 3

(D) 1, 2 और 4

48. जेनेटिक्स के बारे में नीचे दिए गए कथनों में से कौन–से कथन सही हैं?

1. मेंडेल के सिद्धांत इंसानी आबादी पर लागू नहीं होते ।
2. अलग–अलग आबादी के बीच हाइब्रिडाइज़ेशन से जेनेटिक विविधता बढ़ सकती है ।
3. छोटी, अलग–अलग आबादी में जेनेटिक ड्रिफ्ट एक ज़्यादा अहम कारक है ।
4. म्यूटेशन ही नए जेनेटिक बदलाव का सबसे बड़ा ज़रिया है ।

सही कॉम्बिनेशन चुनें :

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 1, 2 और 4

**49.**

| Column A (Fossil Group) | Column B (Era/Epoch) |
|---|---|
| 1. Propliopithecus | i. Oligocene |
| 2. Ramapithecus | ii. Miocene |
| 3. Australopithecines | iii. Pliocene |
| 4. Homo sapiens | iv. Pleistocene / Holocene |

**Options:**

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i. 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - iii, 2 - ii, 3 - i, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

**50.** Match the Scholar with the Critique of their work :

| Column A (Scholar) | Column B (Critique) |
|---|---|
| 1. Risley | i. Neglect of genetic/serological variability |
| 2. Guha | ii. Complexity leads to classification ambiguity |
| 3. Lamarck | iii. Incorrect mechanism of inheritance |
| 4. Darwin (Early) | iv. Lack of knowledge of genetic source (mutation) |

**Options:**

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i. 3 - iv, 4 - iii

(C) 1 - i, 2 - iii, 3 - ii, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - i, 4 - ii

**51.** Which of the following accurately describes the role of Heredity and Environment (H-E) in race formation?

1. Heredity dictates the genetic potential of a population.
2. Environment acts as a filter for natural selection.
3. Skin color is an adaptive response to UV radiation intensity.
4. Culture is the primary driver of biological racial differences.

**Select the correct combination:**

(A) 1, 2 and 4

(B) 2, 3 and 4

(C) 1, 3 and 4

(D) 1, 2 and 3

**52.** Match the Evolutionary Process with the term :

| Column A (Process) | Column B (Definition) |
|---|---|
| 1. Mutation | i. Random changes in small populations |
| 2. Genetic Drift | ii. Migration of alleles between populations |
| 3. Gene Flow | iii. Ultimate source of new variation |
| 4. Natural Selection | iv. Differential survival based on fitness |

**Options:**

(A) 1 - iii, 2 - i, 3 - ii, 4 - iv

(B) 1 - i, 2 - ii. 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - iii, 2 - ii, 3 - iv, 4 - i

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

**49.**

| कॉलम ए (जीवाश्म समूह) | कॉलम बी (युग/युग) |
|---|---|
| 1. प्रोप्लियोपिथेकस | i. ओलिगोसीन |
| 2. रामापिथेकस | ii. मिओसिन |
| 3. आस्ट्रेलोपिथेसीन | iii. प्लियोसीन |
| 4. होमो सेपियन्स | iv. प्लेइस्टोसीन / होलोसीन |

विकल्प :

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i. 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - iii, 2 - ii, 3 - i, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

**50.** विद्वान का उनके काम की आलोचना से मिलान करें :

| कॉलम A (विद्वान) | कॉलम B (आलोचना) |
|---|---|
| 1. रिज़ले | i. आनुवंशिक/सीरम–संबंधी विभिन्नता की उपेक्षा |
| 2. गुहा | ii. जटिलता के कारण वर्गीकरण में अस्पष्टता |
| 3. लैमार्क | iii. वंशानुक्रम की गलत प्रक्रिया |
| 4. डार्विन (प्रारंभिक) | iv. आनुवंशिक स्रोत (उत्परिवर्तन) के ज्ञान का अभाव |

विकल्प :

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i. 3 - iv, 4 - iii

(C) 1 - i, 2 - iii, 3 - ii, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - i, 4 - ii

**51.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन नस्ल निर्माण में आनुवंशिकता और पर्यावरण (H-E) की भूमिका का सटीक वर्णन करता है ?

1. आनुवंशिकता किसी जनसंख्या की आनुवंशिक क्षमता को निर्धारित करती है।
2. पर्यावरण, प्राकृतिक चयन के लिए एक फ़िल्टर (छानना) के रूप में कार्य करता है।
3. त्वचा का रंग, UV विकिरण की तीव्रता के प्रति एक अनुकूलनकारी प्रतिक्रिया है।
4. संस्कृति, जैविक नस्लीय भिन्नताओं का प्राथमिक चालक है।

सही संयोजन का चयन करें :

(A) 1, 2 और 4

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 1, 2 और 3

**52.** विकासवादी प्रक्रिया को संबंधित शब्द से मिलाएँ :

| कॉलम A (प्रक्रिया) | कॉलम B (परिभाषा) |
|---|---|
| 1. म्यूटेशन | i. छोटी आबादी में होने वाले यादृच्छिक बदलाव |
| 2. जेनेटिक ड्रिफ्ट | ii. आबादी के बीच एलील्स का प्रवास |
| 3. जीन प्रवाह | iii. नई विभिन्नता का अंतिम स्रोत |
| 4. प्राकृतिक चयन | iv. फिटनेस के आधार पर अलग–अलग जीवित रहना। |

विकल्प :

(A) 1 - iii, 2 - i, 3 - ii, 4 - iv

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - iii, 2 - ii, 3 - iv, 4 - i

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

53. **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** The Synthetic Theory of Evolution is considered more robust than Darwinism.

**Reason (R):** It successfully integrates Mendelian genetics with natural selection to explain the source of variation.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, But R is false.

(D) A is false, but R is true.

54. **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Lamarck's theory of evolution is rejected by modern science.

**Reason (R):** Acquired characteristics gained during an individual's lifetime cannot be transmitted to offspring through germ cells.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

55. Arrange the following fossil forms in the order of their chronological appearance (From oldest to youngest) :

1. *Propliopithecus*
2. *Dryopithecus*
3. *Australopithecus*
4. *Homo erectus*

**Sequence :**

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 1, 3, 4

(C) 1, 2, 3, 4

(D) 4, 3, 2, 1

56. Arrange the following anatomical features in the order of their development from primitive to advanced primate traits :

1. Prehensile tail
2. Opposable hallux
3. Binocular vision
4. Precision grip

**Sequence :**

(A) 2, 1, 3, 4

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 3, 2, 1, 4

(D) 4, 3, 2, 1

57. Concerning the primate order:

1. Primates are defined by grasping hands (pentadactyly).
2. Binocular vision is a hallmark of primate adaptation.
3. Primates have long gestation periods compared to other mammals.
4. All primates are strictly carnivorous.

**Which combinations are correct?**

(A) 1, 2 and 3

(B) 2, 3 and 4

(C) 1, 3 and 4

(D) 1, 2 and 4

53. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें :

**अभिकथन (A):** विकास के संश्लिष्ट सिद्धांत को डार्विनवाद से अधिक सुदृढ़ माना जाता है।

**कारण (R):** यह विभिन्नता के स्रोत को समझाने के लिए मेंडेलियन आनुवंशिकी को प्राकृतिक चयन के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत करता है।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

54. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें :

**अभिकथन (A):** लैमार्क के विकास के सिद्धांत को आधुनिक विज्ञान द्वारा अस्वीकार कर दिया गया है।

**कारण (R):** किसी व्यक्ति के जीवनकाल में अर्जित किए गए लक्षण जनन कोशिकाओं के माध्यम से संतान में स्थानांतरित नहीं हो सकते।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

55. निम्नलिखित जीवाश्म रूपों को उनके कालानुक्रमिक प्रकटन के क्रम में व्यवस्थित करें (सबसे पुराने से सबसे नए तक)

1. *प्रोप्लिपोपिथेकस*
2. *ड्रायपिथेकस*
3. *ऑस्ट्रेलोपिथेकस*
4. *होमो इरेक्टस*

क्रम:

(A) 1, 3, 2, 4
(B) 2, 1, 3, 4
(C) 1, 2, 3, 4
(D) 4, 3, 2, 1

56. निम्नलिखित शारीरिक विशेषताओं को, आदिम से उन्नत प्राइमेट लक्षणों के क्रम में व्यवस्थित करें :

1. पकड़ने वाली पूंछ (Prehensile tail)
2. विपरीत अंगूठा (Opposable hallux)
3. द्विनेत्री दृष्टि (Binocular vision)
4. सटीक पकड़ (Precision grip)

क्रम:

(A) 2, 1, 3, 4
(B) 1, 2, 3, 4
(C) 3, 2, 1, 4
(D) 4, 3, 2, 1

57. प्राइमेट गण के संबंध में :

1. प्राइमेट की पहचान उनके पकड़ने वाले हाथों (पेंटाडैक्टाइली) से होती है।
2. बाइनोक्युलर दृष्टि प्राइमेट अनुकूलन की एक मुख्य विशेषता है।
3. अन्य स्तनधारियों की तुलना में प्राइमेट का गर्भकाल लंबा होता है।
4. सभी प्राइमेट पूरी तरह से मांसाहारी होते है।

इनमें से कौन से संयोजन सही हैं?

(A) 1, 2 और 3
(B) 2, 3 और 4
(C) 1, 3 और 4
(D) 1, 2 और 4

58. Arrange the following genetic processes in the order of their effect on population diversity (from decreasing diversity to increasing diversity):

1. Genetic Drift (in very small populations)
2. Mutation
3. Hybridization
4. Natural Selection (stabilizing)

**Sequence:**

(A) 2, 3, 1, 4
(B) 1, 4, 2, 3
(C) 4, 1, 2, 3
(D) 3, 2, 4, 1

59. "Inbreeding depression" in human populations is primarily caused by:

(A) Increased heterozygosity
(B) Expression of deleterious recessive alleles
(C) Rapid mutation rates
(D) Increased nutritional intake

60. **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R} choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Human racial classification based on skin color is highly subjective.

**Reason (R):** Skin color shows continuous variation (cline) based on environmental adaptation to UV radiation rather than discrete racial boundaries.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.
(C) A is true, but R is false.
(D) A is false, but R is true.

61. In the classification of Mammalia, which characteristic distinguishes Anthropoids from Prosimians?

(A) Presence of mammary glands
(B) Post-orbital plate and enclosed eye sockets.
(C) Nocturnal habits
(D) Lack of complex social structures

62. The Mongoloid subdivision typically includes:

(A) Classic Mongoloids
(B) Arctic Mongoloids
(C) Southeast Asian Mongoloids
(D) All of the above

63. Arrange the steps of the 'Synthetic Theory' focus on a population:

1. Study of allele frequencies
2. Identification of mutation
3. Analysis of gene flow
4. Calculation of reproductive success

**Sequence:**

(A) 4, 3, 2, 1
(B) 1, 2, 3, 4
(C) 2, 1, 3, 4
(D) 1, 3, 2, 4

58. निम्नलिखित आनुवंशिक प्रक्रियाओं को जनसंख्या विविधता पर उनके प्रभाव के क्रम में व्यवस्थित करें (घटती विविधता से बढ़ती विविधता की ओर) :

1. आनुवंशिक विचलन (बहुत छोटी जनसंख्याओं में)
2. उत्परिवर्तन
3. संकरण
4. प्राकृतिक चयन (स्थिरीकरण)

क्रम:

(A) 2, 3, 1, 4

(B) 1, 4, 2, 3

(C) 4, 1, 2, 3

(D) 3, 2, 4, 1

59. मानव आबादी में "अंत:प्रजनन अवसाद" (Inbreeding depression) का मुख्य कारण है :

(A) विषमयुग्मता में वृद्धि

(B) हानिकारक अप्रभावी एलील्स की अभिव्यक्ति

(C) तीव्र उत्परिवर्तन दरें

(D) पोषक तत्वों के सेवन में वृद्धि

60. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें :

**अभिकथन (A):** त्वचा के रंग के आधार पर मानव नस्लीय वर्गीकरण अत्यधिक व्यक्तिपरक होता है ।

**कारण (R):** त्वचा के रंग, अलग–अलग नस्लीय सीमाओं के बजाय, UV विकिरण के प्रति प्र्यावरणीय अनुकूलन के आधार पर निरंतर विविधता (क्लाइन) दर्शाता है ।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है ।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है ।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है ।

61. स्तनधारियों के वर्गीकरण में, कौन–सी विशेषता एंथ्रोपॉइड्स को प्रोसिमियंस से अलग करती है ?

(A) स्तन ग्रंथियों की उपस्थिति

(B) पोस्ट–ऑर्बिटल प्लेट और बंद नेत्र कोटर

(C) रात्रिचर आदतें

(D) जटिल सामाजिक संरचनाओं का अभाव

62. मंगोलॉइड उप–विभाजन में आमतौर पर शामिल हैं :

(A) क्लासिक मंगोलॉइड

(B) आर्कटिक मंगोलॉइड

(C) दक्षिण–पूर्व एशियाई मंगोलॉइड

(D) उपरोक्त सभी

63. 'सिंथेटिक थ्योरी' के उन चरणों को क्रमबद्ध करें जो किसी जनसंख्या पर केंद्रित हैं :

1. एलील आवृत्तियों का अध्ययन
2. उत्परिवर्तन की पहचान
3. जीन प्रवाह का विश्लेषण
4. प्रजनन सफलता की गणना

क्रम :

(A) 4, 3, 2, 1

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 1, 3, 4

(D) 1, 3, 2, 4

**64.** Match the Genetic Term with its definition:

| Column A (Term) | | Column B (Definition) |
|---|---|---|
| 1. Heterozygosity | i. | Expression of deleterious recessive genes |
| 2. Inbreeding | ii. | Combining distinct genetic lineages |
| 3. Hybridization | iii. | Having two different alleles at a locus |
| 4. Inbreeding depression | iv. | Mating between close relatives |

**Options:**

(A) 1 - iii, 2 - iv, 3 - ii, 4 - i

(B) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

(C) 1 - iii, 2 - ii. 3 - iv, 4 - i

(D) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

**65.** **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Microevolution can be observed within a human lifetime.

**Reason (R):** It involves changes in gene frequency in a population, such as the increase of sickle-cell trait in response to malaria.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is False, but R is true.

**66.** Paranthropus robustus is noted for its:

(A) Reliance on fire

(B) Large brain capacity exceeding Homo sapiens

(C) Massive Jaw and sagittal crest

(D) Aquatic adaptation

**67.** Arrange the following stages of the Mendelian inheritance process in correct chronological order:

1. Formation of gametes
2. Fertilization
3. Formation of the zygote
4. Expression of phenotype

**Sequence:**

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 1, 3, 4

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 1, 2, 3, 4

64. जेनेटिक शब्द को उसकी परिभाषा से मिलाएँ :

| कॉलम A (शब्द) | कॉलम B (परिभाषा) |
|---|---|
| 1. हेटेरोजाइगोसिटी | i. हानिकारक अप्रभावी जीनों की अभिव्यक्ति |
| 2. इनब्रीडिंग | ii. अलग–अलग जेनेटिक वंशों का मेल |
| 3. हाइब्रिडाइज़ेशन | iii. एक लोकस पर दो अलग – अलग एलील होना |
| 4. इनब्रीडिंग डिप्रेशन | iv. करीबी रिश्तेदारों के बीच मेटिंग |

विकल्प :

(A) 1 - iii, 2 - iv, 3 - ii, 4 - i

(B) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

(C) 1 - iii, 2 - ii. 3 - iv, 4 - i

(D) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

65. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें :

**अभिकथन (A):** सूक्ष्म–विकास को एक मानव के जीवनकाल के भीतर देखा जा सकता है।

**कारण (R):** इसमें किसी जनसंख्या में जीन आवृत्ति में परिवर्तन शामिल होते हैं, जैसे कि मलेरिया के प्रति प्रतिक्रिया स्वरूप सिकल–सेल लक्षण में वृद्धि।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

66. पैरानथ्रोपस रोबस्टस अपनी किस विशेषता के लिए जाना जाता है?

(A) आग पर निर्भरता

(B) होमो सेपियन्स से अधिक बड़ी मस्तिष्क क्षमता

(C) विशाल जबड़ा और सैजिटल क्रेस्ट

(D) जलीय अनुकूलन

67. मेंडेलियन वंशागति प्रक्रिया के निम्नलिखित चरणों को सही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें।

1. युग्मकों का निर्माण

2. निषेचन

3. युग्मनज का निर्माण

4. फीनोटाइप की अभिव्यक्ति

क्रम:

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 1, 3, 4

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 1, 2, 3, 4

## SECTION - II (b)
## (Optional)

68. Which of the following best distinguishes "Methodology" from "Technique" in anthropological research?
   (A) Technique refers to the philosophical logic, while methodology is the tool used.
   (B) Methodology is the logic of scientific inquiry and the philosophy of the process; technique is the specific tool like a questionnaire.
   (C) They are synonymous and used interchangeably in fieldwork.
   (D) Technique is used for quantitative data, while methodology is used for qualitative data.

69. The "Comparative Method" of the 19th-century evolutionists was termed "Armchair Anthropology" because:
   (A) They utilized data collected by travelers and missionaries rather than conducting their own fieldwork.
   (B) They compared physical chairs of different cultures.
   (C) It was based on statistical laboratory experiments.
   (D) They only studied sedentary societies.

70. Bronislaw Malinowski's "Biopsychological Functionalism" posits that culture exists to:
   (A) Maintain the social structure at any cost.
   (B) Satisfy the seven basic biological and psychological needs of the individual.
   (C) Facilitate the transition to a state-level society.
   (D) Serve as a tool for colonial administration.

71. Claude Levi-Strauss's "Structuralism" is heavily influenced by the linguistic theories of :
   (A) Noam Chomsky.
   (B) Ferdinand de Saussure and the concept of binary oppositions.
   (C) Franz Boas.
   (D) Margaret Mead.

72. "New Ethnography" (Ethnoscience) focuses on discovering:
   (A) How the anthropologist views a culture (Etic).
   (B) The internal 'Emic" categories and rules through which a culture organizes its own world.
   (C) The historical migration of a group.
   (D) The calorie intake of a population.

73. The "Unity of Method" plea suggests that:
   (A) All tribes must use the same tools.
   (B) Evolution and Diffusion are the same thing.
   (C) The logic of the natural sciences (physics/chemistry) is applicable to the social sciences.
   (D) Only one anthropologist should work at a time.

## खण्ड - II (b)
## (ऐच्छिक)

**68.** मानवशास्त्रीय शोध में, निम्नलिखित में से कौन "कार्यप्रणाली" (Methodology) और तकनीक (Technique) के बीच सबसे अच्छा अंतर स्पष्ट करता है।

(A) तकनीक का तात्पर्य दार्शनिक तर्क से है, जबकि कार्यप्रणाली वह उपकरण है जिसका उपयोग किया जाता हैं।

(B) कार्यप्रणाली वैज्ञानिक जाँच का तर्क और प्रक्रिया का दर्शन है; तकनीक एक विशिष्ट उपकरण है, जैसे कि प्रश्नावली।

(C) ये दोनों समानार्थी हैं और क्षेत्र–कार्य (fieldwork) में इनका उपयोग एक–दूसरे के स्थान पर किया जाता है।

(D) तकनीक का उपयोग मात्रात्मक डेटा के लिए किया जाता है, जबकि कार्यप्रणाली का उपयोग गुणात्मक डेटा के लिए किया जाता है।

**69.** 19 वीं सदी के विकासवादियों की "तुलनात्मक विधि" को "आर्मचेयर एंथ्रोपोलॉजी" कहा गया, क्योंकि :

(A) उन्होंने अपना खुद का फील्डवर्क करने के बजाय यात्रियों और मिशनरियों द्वारा इकट्ठा किए गए डेटा का इस्तेमाल किया।

(B) उन्होंने अलग–अलग संस्कृतियों की भौतिक कुर्सियों की तुलना की।

(C) यह सांख्यिकीय प्रयोगशाला प्रयोगों पर आधारित थी।

(D) उन्होंने केवल स्थिर समाजों का अध्ययन किया।

**70.** ब्रोनिस्लाव मालिनोव्स्की का "जैव–मनोवैज्ञानिक प्रकार्यवाद" (Biopsychological Functionalism) यह मानता है कि संस्कृति का अस्तित्व इसलिए है ताकि :

(A) किसी भी कीमत पर सामाजिक संरचना को बनाए रखा जा सके।

(B) व्यक्ति की सात मूलभूत जैविक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

(C) राज्य–स्तरीय समाज में संक्रमण को सुगम बनाया जा सके।

(D) औपनिवेशिक प्रशासन के एक साधन के रूप में कार्य किया जा सके।

**71.** क्लाउड लेवी–स्ट्रॉस का "संरचनावाद" (Structuralism) निम्नलिखित में से किसके भाषाई सिद्धांतों से अत्यधिक प्रभावित है?

(A) नोम चॉम्स्की

(B) फर्डिनेंड डी सॉस्यूर और द्वि आधारी विरोधों की अवधारणा

(C) फ्रांज बोस

(D) मार्गरेट मीड

**72.** "न्यू एथनोग्राफी" (एथनोसाइंस) का मुख्य ध्यान इन बातों का पता लगाने पर होता है :

(A) कोई मानवविज्ञानी किसी संस्कृति को किस नज़रिए से देखता है (Etic).

(B) वे आंतरिक "Emic" श्रेणियाँ और नियम, जिनके माध्यम से कोई संस्कृति अपनी दुनिया को व्यवस्थित करती है।

(C) किसी समूह का ऐतिहासिक प्रवासन।

(D) किसी जनसंख्या द्वारा कैलोरी का सेवन।

**73.** "पद्धति की एकता" (Unity of Method) का तर्क यह सुझाव देता है कि :

(A) सभी जनजातियों को एक ही तरह के औजारों का उपयोग करना चाहिए।

(B) विकास और प्रसार (Diffusion) एक ही चीज़ हैं।

(C) प्राकृतिक विज्ञानों (भौतिकी/रसायन विज्ञान) का तर्क सामाजिक विज्ञानों पर भी लागू होता है।

(D) एक समय में केवल एक ही मानवविज्ञानी को काम करना चाहिए।

74. A major "Cultural Hurdle" to technological change among Indian tribes, as identified by development anthropologists, is often:

(A) A lack of intelligence.

(B) A lack of natural resources.

(C) A desire to stay poor.

(D) The integration of technology into existing value systems (e.g, Sacredness of traditional seeds).

75. **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Malinowski's functionalism is often criticized for being "A historical."

**Reason (R):** He emphasized the "Ethnographic Present' and ignored the historical change of the societies he studied.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true

76. The "Tana Bhagat" movement among the Oraons was characterized by :

(A) Violent warfare

(B) A return to hunting and gathering

(C) Adoption of "Sanskritization" and non-violent Gandhian principles to reform society

(D) Abandonment of the village

77. Herbert Spencer's "Organic Analogy" compared society to :

(A) A computer

(B) A biological organism where different parts (institutions) work together for survival

(C) A mechanical clock

(D) A river

78. Consider the following statements regarding the 19th-century Evolutionists :

1. They believed in the "Psychic Unity of Mankind".

2. They utilized the "Comparative Method" to fill gaps in the historical records

3. Their approach was primarily "Ideographic", focusing on unique historical events.

4. L.H. Morgan proposed a tripartite scheme of Savagery, Barbarism, and Civilization.

**Which of the following combinations is correct?**

(A) 1, 2 and 4

(B) 1, 2 and 3

(C) 2, 3 and 4

(D) 1, 3 and 4

**74.** विकास मानवशास्त्रियों द्वारा पहचाने गए भारतीय जनजातियों में तकनीकी बदलाव के प्रति एक प्रमुख "सांस्कृतिक बाधा" अक्सर यह होती है :

(A) बुद्धि की कमी

(B) प्राकृतिक संसाधनों की कमी

(C) गरीब बने रहने की इच्छा

(D) मौजूदा मूल्य प्रणालियों में प्रौद्योगिकी का एकीकरण (उदाहरण के लिए पारंपरिक बीजों की पवित्रता)

**75.** निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

**अभिकथन (A):** मालिनोव्स्की के प्रकार्यवाद की अक्सर "अ–ऐतिहासिक" होने के लिए आलोचना की जाती है।

**कारण (R):** उन्होंने "नृजातीय वर्तमान" पर ज़ोर दिया और जिन समाजों का उन्होंने अध्ययन किया, उनमें हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों की उपेक्षा की।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**76.** ओरांव लोगों के बीच "ताना भगत" आंदोलन की विशेषता थी :

(A) हिंसक युद्ध

(B) शिकार और संग्रह की ओर वापसी

(C) सामाज सुधार के लिए "संस्कृतिकरण" और अहिंसक गांधीवादी सिद्धांतों को अपनाना

(D) गाँव का परित्याग।

**77.** हर्बर्ट स्पेंसर की "ऑर्गेनिक एनालॉजी" ने समाज की तुलना किससे की है?

(A) एक कंप्यूटर से

(B) एक जैविक जीव से, जिसके अलग–अलग हिस्से (संस्थाएँ) अस्तित्व बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते हैं

(C) एक यांत्रिक घड़ी से

(D) एक नदी से

**78.** 19 वीं सदी के विकासवादियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. वे "मानवता की मानसिक एकता" (Psychic Unity of Mankind) में विश्वास रखते थे।

2. उन्होंने ऐतिहासिक अभिलेखों में मौजूद कमियों को भरने के लिए "तुलनात्मक विधि" (Comparative Method) का उपयोग किया।

3. उनका दृष्टिकोण मुख्य रूप से "विचार–चित्रणात्मक" (Ideographic) था, जो अद्वितीय ऐतिहासिक घटनाओं पर केंद्रित था।

4. L.H. मॉर्गन ने बर्बरता, असभ्यता और सभ्यता की त्रि–स्तरीय योजना प्रस्तुत की।

निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सही है?

(A) 1, 2 और 4

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) 1, 3 और 4

**79.** Match the Structuralist Term with its Definition :

| | Column A (Term) | | Column B (Definition) |
|---|---|---|---|
| 1. | Binary Oppositions | i. | Smallest unit of a myth (Levi-Strauss) |
| 2. | Mytheme | ii. | Insider's view/ native categories |
| 3. | Emic Perspective | iii. | Mental dualities like Raw vs. Cooked |
| 4. | New Ethnography | iv. | Discovery of cognitive rules and semantics |

**Options:**

(A) 1 - iii, 2 - i, 3 - ii, 4 - iv

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii. 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - iii, 3 - iv, 4 - i

(D) 1 - iv, 2 - i, 3 - iii, 4 - ii

**80. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Tribal leadership in Bihar has remained static since the 19th century.

**Reason (R):** Traditional chiefs (Manjhis/ Mahtos) have completely rejected modern democratic political processes.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

**81.** Arrange the following theoretical schools in the order of their historical emergence in Anthropology:

1. Structuralism
2. 19th-Century Evolutionism
3. Historical Particularism
4. Functionalism

**Sequence:**

(A) 2, 3, 4, 1

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 4, 3, 1

(D) 3, 2, 1, 4

**82.** E.B. Tylor's definition of culture emphasized it as a:

(A) Biological trait.

(B) "Complex whole" acquired by man as a member of society.

(C) Product of elite high-art only

(D) Result of climate

**83.** Arrange the stages of a Tribal Social Movement from inception to institutionalization :

1. Collective mobilization
2. Identification of grievances (Deprivation)
3. Formal leadership and ideology formation
4. Institutionalization or state recognition

**Sequence :**

(A) 2, 3, 1, 4

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 3, 1, 2, 4

(D) 4, 3, 2, 1

79. संरचनावादी शब्द को उसकी परिभाषा से मिलाएँ :

| स्तंभ A (शब्द) | स्तंभ B (परिभाषा) |
|---|---|
| 1. द्विपदी विरोध | i. किसी मिथक की सबसे छोटी इकाई (लेवी–स्ट्रॉस) |
| 2. माइथीम | ii. अंदरूनी व्यक्ति का दृष्टिकोण/मूल श्रेणियाँ |
| 3. एमिक दृष्टिकोण | iii. मानसिक द्वंद्व, जैसे कच्चा बनाम पका हुआ |
| 4. नई नृवंशविज्ञान | iv. संज्ञानात्मक नियमों और अर्थ–विज्ञान की खोज |

विकल्प :

(A) 1 - iii, 2 - i, 3 - ii, 4 - iv

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii. 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - iii, 3 - iv, 4 - i

(D) 1 - iv, 2 - i, 3 - iii, 4 - ii

80. निर्देश :

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

**अभिकथन (A):** बिहार में जनजातीय नेतृत्व 19 वीं शताब्दी से ही स्थिर बना हुआ है।

**कारण (R):** पारंपरिक मुखियाओं (मांझी/महतो) ने आधुनिक लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रक्रियाओं को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया है।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

81. मानवशास्त्र में निम्नलिखित सैद्धांतिक विचारधाराओं को उनके ऐतिहासिक उद्भव के क्रम में व्यवस्थित करें :

1. संरचनावाद
2. 19 वीं सदी का विकासवाद
3. ऐतिहासिक विशिष्टवाद
4. प्रकार्यवाद

क्रम:

(A) 2, 3, 4, 1

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 4, 3, 1

(D) 3, 2, 1, 4

82. E.B. Tylor की संस्कृति की परिभाषा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह एक

(A) जैविक विशेषता है

(B) "जटिल समग्र" है, जिसे मनुष्य समाज के सदस्य के रूप में अर्जित करता है

(C) केवल विशिष्ट उच्च–कला का उत्पाद है

(D) जलवायु का परिणाम है

83. एक जनजातीय सामाजिक आंदोलन के चरणों को, उसकी शुरुआत से लेकर संस्थागत रूप लेने तक, क्रमबद्ध करें :

1. सामूहिक लामबंदी
2. शिकायतों की पहचान (वंचना)
3. औपचारिक नेतृत्व और विचारधारा का निर्माण
4. संस्थागत रूप लेना या राज्य द्वारा मान्यता

क्रम :

(A) 2, 3, 1, 4

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 3, 1, 2, 4

(D) 4, 3, 2, 1

84. Which of the following are core tenets of Franz Boas's "Historical particularism"?

1. Rejection of sweeping cross-cultural laws
2. Emphasis on primary fieldwork and data collection
3. Belief that all cultures follow a single, universal path of progress
4. View that each culture is a product of its own unique history and environment

**Select the correct combination :**

(A) 1, 2 and 4
(B) 1, 2 and 3
(C) 2, 3 and 4
(D) 1, 3 and 4

85. Which of the following is a "Universal Value" often debated in the face of Cultural Relativism?

(A) Wearing a specific type of clothing.
(B) Preferred style of music.
(C) The prohibition of "wanton" killing within the group.
(D) Method of cooking.

86. Regarding the "Culture and Personality" school, consider these associations:

1. Ruth Benedict: "Patterns of Culture" (Apollonian vs. Dionysian).
2. Margaret Mead: "Coming of Age in Samoa" (Cultural determinism of adolescence).
3. Abram Kardiner: "Basic Personality Structure."
4. Julian Steward: "Model Personality" through statistical analysis.

**The correct combinations are :**

(A) 1 and 2 only
(B) 1, 2 and 3
(C) 2, 3 and 4
(D) 1, 2, 3 and 4

87. **Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Anthropologists often advocate for the "Unity of Method" with natural sciences.

**Reason (R):** Human behavior is entirely predictable and governed by the same laws as planetary motion.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.
(C) A is true, but R is false.
(D) A is false, but R is true.

88. Arrange the following movements in Bihar/Jharkhand in chronological order of their start dates:

1. Santhal Hul
2. Birsa Munda Movement
3. Tana Bhagat Movement
4. Jharkhand Statehood Movement

**Sequence:**

(A) 1, 2, 3, 4
(B) 2, 1, 3, 4
(C) 3, 2, 1, 4
(D) 1, 3, 2, 4

84. फ्रांज़ बोआस के "ऐतिहासिक विशिष्टवाद" (Historical Particularism) के मुख्य सिद्धांत निम्नलिखित में से कौन से हैं?

1. व्यापक अंतर–सांस्कृतिक नियमों को अस्वीकार करना।
2. प्राथमिक क्षेत्र–कार्य और डेटा संग्रह पर ज़ोर देना।
3. यह मानना कि सभी संस्कृतियाँ प्रगति के एक ही, सार्वभौमिक मार्ग का अनुसरण करती हैं।
4. यह दृष्टिकोण कि प्रत्येक संस्कृति अपने स्वयं के अद्वितीय इतिहास और पर्यावरण का परिणाम है।

सही संयोजन चुनें :

(A) 1, 2 और 4
(B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3 और 4
(D) 1, 3 और 4

85. निम्नलिखित में से कौन सा एक "सार्वभौमिक मूल्य" है, जिस पर अक्सर सांस्कृतिक सापेक्षवाद के संदर्भ में बहस होती है?

(A) किसी विशेष प्रकार के कपड़े पहनना
(B) संगीत की पसंदीदा शैली
(C) समूह के भीतर "मनमानी" हत्या पर रोक
(D) खाना पकाने का तरीका

86. "संस्कृति और व्यक्तित्व" (Culture and Personality) विचारधारा के संबंध में, इन युग्मों पर विचार करें :

1. रूथ बेनेडिक्ट "पैटर्न्स ऑफ़ कल्चर" (अपोलोनियन बनाम डायोनिसियन)।
2. मार्गरेट मीड: "कमिंग ऑफ़ एज इन समोआ" (किशोरावस्था का सांस्कृतिक निर्धारणवाद)।
3. अब्राम कार्डिनर: "बेसिक पर्सनैलिटी स्ट्रक्चर"।
4. जूलियन स्टीवर्ड: सांख्यिकीय विश्लेषण के माध्यम से "मॉडल पर्सनैलिटी"।

सही संयोजन हैं :

(A) केवल 1 और 2
(B) 1, 2 और 3
(C) 2, 3 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

87. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

अभिकथन (A): मानवविज्ञानी अक्सर प्राकृतिक विज्ञानों के साथ "पद्धति की एकता" (Unity of Method) की वकालत करते हैं।

कारण (R): मानवीय व्यवहार पूरी तरह से पूर्वानुमान योग्य है और उन्हीं नियमों द्वारा संचालित होता है, जिनसे ग्रहों की गति संचालित होती है।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

88. बिहार/झारखंड में हुए निम्नलिखित आंदोलनों को उनके शुरू होने की तारीखों के कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें :

1. संथाल हूल
2. बिरसा मुंडा आंदोलन
3. ताना भगत आंदोलन
4. झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन

क्रम :

(A) 1, 2, 3, 4
(B) 2, 1, 3, 4
(C) 3, 2, 1, 4
(D) 1, 3, 2, 4

1504250041

**89.** Match the Scholar with their Critique of "Method":

| Column A (Scholar) | | Column B (Critique) |
|---|---|---|
| 1. Franz Boas | i. | Attacked 19th Century "Armchair" methods |
| 2. Oscar Lewis | ii. | Critique of Structural-Functionalism stability |
| 3. Edmund Leach | iii. | Concept of the "Culture of Poverty" |
| 4. Evans-Pritchard | iv. | Anthropology as a Humanistic Science/ Art |

**Options:**

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv. 4 - iii

(C) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

(D) 1 - i, 2 - iii, 3 - ii, 4 - iv

**90.** Oscar Lewis is famous for the "Culture of Poverty" concept, which suggests:

(A) Poverty creates a unique set of values and behaviors that are passed down across generations, making it self-perpetuating.

(B) Poverty is purely about a lack of money.

(C) Poor people are happier.

(D) Poverty is a biological trait.

**91.** Order the "Psychic Unity" logic as applied by 19th-century evolutionists:

1. Similar human minds
2. Similar responses to stimuli
3. Independent invention of traits
4. Universal stages of progress

**Sequence:**

(A) 2, 1, 4, 3

(B) 4, 3, 2, 1

(C) 1, 2, 3, 4

(D) 3, 2, 1, 4

**92.** Arrange the "diffusionist" logic for tracing a trait back to its source:

1. Identification of similar complex traits in different areas
2. Rule of Quantity (the more similarities, the more likely diffusion)
3. Rule of Quality (unrelated traits found together)
4. Mapping the migration route back to the Kulturkreis

**Sequence:**

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 1, 3, 4

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 3, 1, 4, 2

**89.** विद्वान का मिलान उनकी "पद्धति" की आलोचना से करें :

| स्तंभ A (विद्वान) | स्तंभ B (आलोचना) |
|---|---|
| 1. फ्रांज बोस | i. 19 वीं सदी की "आर्मचेयर" पद्धतियों पर प्रहार |
| 2. ऑस्कर लुईस | ii. संरचनात्मक–प्रकार्यवादी स्थिरता की आलोचना |
| 3. एडमंड लीच | iii. "निर्धनता की संस्कृति" की अवधारणा |
| 4. इवास–प्रिचर्ड | iv. मानवशास्त्र एक मानवीय विज्ञान/कला के रूप में |

विकल्प :

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv. 4 - iii

(C) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

(D) 1 - i, 2 - iii, 3 - ii, 4 - iv

**90.** ऑस्कर लुईस 'गरीबी की संस्कृति (Culture of Poverty) की अवधारणा के लिए प्रसिद्ध हैं, जो यह बताती है कि :

(A) गरीबी मूल्यों और व्यवहारों का एक अनूठा समूह बनाती है जो पीढ़ियों तक चलता रहता है, जिससे यह स्वयं को बनाए रखती है ।

(B) गरीबी पूरी तरह से पैसे की कमी से जुड़ी है ।

(C) गरीब लोग अधिक खुश होते हैं ।

(D) गरीबी एक जैविक गुण है ।

**91.** 19 वीं सदी के विकासवादियों द्वारा लागू किए गए "मानसिक एकता" (Psychic Unity) के तर्क को क्रमबद्ध करें :

1. समान मानवीय मन

2. उद्दीपन के प्रति समान प्रतिक्रियाएँ

3. विशेषताओं का स्वतंत्र आविष्कार

4. प्रगति के सार्वभौमिक चरण

क्रम :

(A) 2, 1, 4, 3

(B) 4, 3, 2, 1

(C) 1, 2, 3, 4

(D) 3, 2, 1, 4

**92.** किसी विशेषता को उसके मूल स्रोत तक पहचानने के लिए "डिफ्यूजनिस्ट" तर्क को क्रमबद्ध करें :

1. अलग–अलग क्षेत्रों में समान जटिल विशेषताओं की पहचान

2. मात्रा का नियम (जितनी ज़्यादा समानताएँ, उतना ही ज़्यादा प्रसार की संभावना)

3. गुणवत्ता का नियम (आपस में असंबंधित विशेषताएँ एक साथ पाए जाना)

4. प्रवासन मार्ग को वापस Kulturkreis तक मैप करना

क्रम :

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 1, 3, 4

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 3, 1, 4, 2

**93.** Arrange the evolution of the "concept of social structure":

1. Organic/Biological structure (Spencer)
2. Network of actual social relations (Radcliffe-Brown)
3. Network of Roles (Nadel)
4. Mental Model (Levi-Strauss)

**Sequence:**

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 1, 4, 3

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 3, 4, 1, 2

**94. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Leslie White's theory of evolution is considered "Neo-Evolutionism."

**Reason (R):** He returned to the study of cultural evolution but used the measurement of energy as a scientific criterion.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

**95.** Match the Development Concept with its Application:

| Column A (Concept) | Column B (Application) |
|---|---|
| 1. Directed Change | i. Understanding local norms before intervention |
| 2. Socio-cultural Parameters | ii. Planned technological or social shifts |
| 3. Cultural Hurdles | iii. Tribal resistance to foreign seeds/ manure |
| 4. Applied Anthropology | iv. Acting as a bridge between Policy and Tribe |

**Options :**

(A) 1 - iii, 2 - i, 3 - ii, 4 - iv

(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

(D) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

**96.** In "Structuralism," a "Myth" is analyzed by looking at:

(A) The literal truth of the story.

(B) The name of the author.

(C) The "Mythemes" and their underlying structure of binary oppositions (e.g., Raw vs. Cooked).

(D) The date it was written.

93. "सामाजिक संरचना की अवधारणा" के विकास को क्रमबद्ध करें :

1. जैविक/प्राकृतिक संरचना (स्पेंसर)
2. वास्तविक सामाजिक संबंधों का जाल (रैडक्लिफ़-ब्राउन)
3. भूमिकाओं का जाल (नाडेल)
4. मानसिक प्रतिरूप (लेवी-स्ट्रॉस)

क्रम :

(A) 1, 2, 3, 4
(B) 2, 1, 4, 3
(C) 4, 3, 2, 1
(D) 3, 4, 1, 2

94. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

**अभिकथन (A):** लेस्ली व्हाइट के विकास के सिद्धांत को 'नव-विकासवाद' (Neo-Evolutionism) माना जाता है।

**कारण (R):** वे सांस्कृतिक विकास के अध्ययन की ओर लौटे, लेकिन उन्होंने ऊर्जा के मापन को एक वैज्ञानिक मानदंड के रूप में प्रयुक्त किया।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

95. विकास की अवधारणा को उसके अनुप्रयोग से मिलाएँ :

| स्तंभ A (अवधारणा) | स्तंभ B (अनुप्रयोग) |
|---|---|
| 1. निर्देशित परिवर्तन | i. हस्तक्षेप से पहले स्थानीय मानदंडों को समझना |
| 2. समाजिक-सांस्कृतिक मापदंड | ii. नियोजित तकनीकी या सामाजिक बदलाव |
| 3. सांस्कृतिक बाधाएँ | iii. विदेशी बीजों/खाद के प्रति जनजातीय प्रतिरोध |
| 4. अनुप्रयुक्त नृविज्ञान | iv. नीति और जनजाति के बीच एक सेतु का काम करना |

विकल्प :

(A) 1 - iii, 2 - i, 3 - ii, 4 - iv
(B) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv
(C) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i
(D) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

96. "संरचनावाद" (Structuralism) में, किसी "मिथक" (Myth) का विश्लेषण इन चीज़ों को देखकर किया जाता है:

(A) कहानी की शाब्दिक सच्चाई
(B) लेखक का नाम
(C) "माईथीम" (Mythemes) और उनके अंतर्निहित द्वंद्वात्मक विरोधों की संरचना (जैसे, कच्चा बनाम पका हुआ)
(D) उसे लिखे जाने की तारीख

**97.** Which of the following apply to "Applied Anthropology" in planning?

1. It acts as a bridge between the community and policy-makers.
2. It identifies potential "hurdles" to directed change.
3. It promotes "Top-Down" development without community input.
4. It utilizes the "holistic" perspective of anthropology.

**The correct combination is:**

(A) 1, 2 and 3

(B) 1, 2 and 4

(C) 2 and 3 only

(D) 1, 2, 3 and 4

**98.** "Limitations" of the particularistic approach (Boas) include:

(A) Too much generalization.

(B) A "data-gathering" focus that sometimes neglected the development of broader theories,

(C) Lack of fieldwork.

(D) Being too scientific.

**99.** The "Comparative Method" of the diffusionists aimed to:

(A) Find universal laws.

(B) Compare human and animal behavior.

(C) Trace the "History" and "Migration" of specific traits from a source.

(D) Compare the moon and the earth.

**100. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Evolutionism and Diffusionism are both "Nomothetic" in their goals.

**Reason (R):** Both schools sought to find general laws governing the development and movement of culture.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

**101.** Match the Neo-Evolutionist with their Evolutionary Measure:

| Column A Theorist | Column B Measurement/ Focus |
|---|---|
| 1. Leslie White | i. Cultural Ecology & specific adaptations |
| 2. Julian Steward | ii. Energy harnessed per capita ($E \times T=C$) |
| 3. V. Gordon Childe | iii. General stages (Agricultural Revolution) |
| 4. Marshall Sahlins | iv. General vs. Specific Evolution |

**Options :**

(A) 1 - iii, 2 - iv, 3 - ii, 4 - i

(B) 1 - i, 2 - ii 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

**97.** योजना बनाने में "अनुप्रयुक्त मानवशास्त्र" (Applied Anthropology) के लिए इनमें से कौन–सी बातें लागू होती हैं?

1. यह समुदाय और नीति–निर्माताओं के बीच एक सेतु का काम करता है ।
2. यह निर्देशित बदलाव में आने वाली संभावित "बाधाओं" की पहचान करता है ।
3. यह समुदाय की राय लिए बिना "ऊपर से नीचे" (Top-Down) विकास को बढ़ावा देता है ।
4. यह मानवशास्त्र के "समग्र" (holistic) दृष्टिकोण का उपयोग करता है ।

सही संयोजन है :

(A) 1, 2 और 3

(B) 1, 2 और 4

(C) केवल 2 और 3

(D) 1, 2, 3 और 4

**98.** विशिष्टतावादी दृष्टिकोण (बोआस) की "सीमाओं" में शामिल हैं :

(A) बहुत अधिक सामान्यीकरण

(B) "डेटा–संग्रह" पर ऐसा ध्यान, जिसने कभी–कभी व्यापक सिद्धांतों के विकास की उपेक्षा की

(C) क्षेत्र–कार्य (fieldwork) का अभाव

(D) बहुत अधिक वैज्ञानिक होना

**99.** प्रसारवादियों की "तुलनात्मक विधि" का उद्देश्य था :

(A) सार्वभौमिक नियमों का पता लगाना

(B) मानव और पशु व्यवहार की तुलना करना

(C) किसी स्रोत से विशिष्ट लक्षणों के "इतिहास" और "प्रवासन" का पता लगाना

(D) चंद्रमा और पृथ्वी की तुलना करना

**100.** निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें :

अभिकथन (A): विकासवाद और प्रसारवाद, दोनों ही अपने लक्ष्यों के संदर्भ में "नियम–अन्वेषी" (Nomothetic) हैं ।

कारण (R): दोनों ही विचारधाराओं ने संस्कृति के विकास और संचलन को नियंत्रित करने वाले सामान्य नियमों को खोजने का प्रयास किया ।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है ।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है ।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है ।

**101.** नव–विकासवादी को उनके विकासवादी माप से मिलाएँ :

| कॉलम A | | कॉलम B | |
|---|---|---|---|
| सिद्धांतकार | | माप/फोकस | |
| 1. | लेस्ली व्हाइट | i. | सांस्कृतिक पारिस्थितिकी और विशिष्ट अनुकूलन |
| 2. | जूलियन स्टीवर्ड | ii. | प्रति व्यक्ति उपयोग की गई ऊर्जा ($E \times T = C$) |
| 3. | वी. गॉर्डन चाइल्ड | iii. | सामान्य चरण (कृषि क्रांति) |
| 4. | मार्शल साहलिन्स | iv. | सामान्य बनाम विशिष्ट विकास |

विकल्प :

(A) 1 - iii, 2 - iv, 3 - ii, 4 - i

(B) 1 - i, 2 - ii 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

## SECTION - III
**(Compulsory)**

**102.** Which site provides the most comprehensive evidence for the transition from a hunting-gathering Mesolithic economy to a settled Neolithic pastoral economy in the Belan Valley?

(A) Bhimbetka

(B) Chopani Mando

(C) Langhnaj

(D) Bagor

**103.** The "Pre-Harappan" culture at Kalibangan is primarily distinguished from the Mature Harappan phase by the absence of:

(A) Copper metallurgy

(B) Painted pottery

(C) Grid-pattern town planning

(D) Agricultural surplus

**104.** In the context of Neolithic South India, the "Ash-mounds" are analytically interpreted as:

(A) Ritual cremation sites

(B) Evidence of large-scale forest clearing

(C) Accumulated cattle dung from pastoral camps

(D) Remnants of ancient industrial kilns

**105.** The "Negrito" element in India, characterized by steatopygia and frizzly hair, is most purely observed among the:

(A) Kadar of Kerala

(B) Onge of Little Andaman

(C) Santhals of Bihar

(D) Todas of Nilgiri

**106.** Risley's racial classification was primarily criticized by later anthropologists for its over-reliance on:

(A) Genetic markers

(B) Cultural traits

(C) Linguistic data

(D) Nasal index and Anthropometry

**107.** In the "Joint Family" system, the "Coparcenary" unit differs from the "Joint Household" because it is strictly defined by:

(A) Common kitchen

(B) Common worship

(C) Interest in ancestral property by birth

(D) Co-residence

## खण्ड - III
(अनिवार्य)

**102.** बेलन घाटी में शिकार–संग्रह वाली मेसोलिथिक अर्थव्यवस्था से एक स्थिर नियोलिथिक पशुपालन अर्थव्यवस्था में बदलाव का सबसे व्यापक प्रमाण कौन–सी साइट प्रदान करती है?

(A) भीमबेटका

(B) चोपानी मांडो

(C) लांघनाज

(D) बागोर

**103.** कालीबंगन की "पूर्व–हड़प्पा" संस्कृति, मुख्य रूप से परिपक्व हड़प्पा चरण से, निम्नलिखित में से किसकी अनुपस्थिति के कारण भिन्न है?

(A) तांबा धातु–कर्म

(B) चित्रित मृद्भांड

(C) ग्रिड–पैटर्न नगर नियोजन

(D) कृषि अधिशेष

**104.** नवपाषाणकालीन दक्षिण भारत के संदर्भ में, "राख के टीलों" की विश्लेषणात्मक व्याख्या इस प्रकार की जाती है :

(A) अनुष्ठानिक दाह–संस्कार स्थल

(B) बड़े पैमाने पर वनों की कटाई के प्रमाण

(C) पशुपालक शिविरों से जमा हुआ पशु–गोबर

(D) प्राचीन औद्योगिक भट्टियो के अवशेष

**105.** भारत में "नेग्रिटो" तत्व, जिसकी विशेषता नितंबों का उभार (steatopygia) और घुंघराले बाल हैं, सबसे शुद्ध रूप में इनमें से किन लोगों में देखा जाता है?

(A) केरल के कादर

(B) लिटिल अंडमान के ओंगे

(C) बिहार के संथाल

(D) नीलगिरि के टोडा

**106.** रिस्ले के नस्लीय वर्गीकरण की बाद के मानवशास्त्रियों द्वारा मुख्य रूप से इस बात के लिए आलोचना की गई कि यह अत्यधिक निर्भर था :

(A) आनुवंशिक चिह्नों पर

(B) सांस्कृतिक विशेषताओं पर

(C) भाषाई आंकड़ों पर

(D) नासिका सूचकांक और मानवमिति पर

**107.** "संयुक्त परिवार" प्रणाली में, "सहदायिकी" (Coparcenary) इकाई "संयुक्त गृहस्थी" से इस मायने में भिन्न होती है, क्योंकि यह सख्ती से निम्नलिखित द्वारा परिभाषित होती है :

(A) साझा रसोई

(B) साझा पूजा–पाठ

(C) जन्म से ही पैतृक संपत्ति में अधिकार

(D) साथ–साथ निवास

**108.** "Anuloma" marriage (Hypergamy) facilitates social mobility because:

(A) It allows a lower-caste woman to marry a higher-caste man

(B) It allows a higher-caste woman to marry a lower-caste man

(C) It abolishes dowry

(D) It encourages inter-religious unions

**109. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Shifting cultivation is entirely destructive and has no ecological logic.

**Reason (R):** Traditional shifting cultivation cycles were often designed to allow forest regeneration, but modern pressure has shortened these cycles.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

**110.** Which of the following statements correctly reflect M.N. Srinivas's concepts of social change?

1. Sanskritization leads to an improvement in the ritual status of a caste.

2. Westernization refers to changes in technology, institutions and ideology brought by British rule.

3. Dominant Caste is determined solely by Brahminical ritual hierarchy.

4. Sanskritization always results in a change in the political power structure of the village.

(A) 1 and 2

(B) 2 and 3

(C) 1, 2 and 4

(D) 1, 2, 3 and 4

**111.** "Universalization" and "Parochialization" are processes within the framework of:

(A) Sanskritization

(B) Little and Great Traditions

(C) Westernization

(D) Modernization

**108.** "अनुलोम" विवाह (हाइपरगैमी) सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा देता है, क्योंकि :

(A) यह निम्न जाति की महिला को उच्च जाति के पुरुष से विवाह करने की अनुमति देता है

(B) यह उच्च जाति की महिला को निम्न जाति के पुरुष से विवाह करने की अनुमति देता है

(C) यह दहेज प्रथा को समाप्त करता है

(D) यह अंतर–धार्मिक विवाहों को प्रोत्साहित करता है

**109.** निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

अभिकथन (A): झूम खेती पूरी तरह से विनाशकारी है और इसका कोई पारिस्थितिक तर्क नहीं है।

कारण (R): पारंपरिक झूम खेती के चक्र अक्सर इस तरह से बनाए जाते थे कि वनों का पुनरुत्पादन हो सके, लेकिन आधुनिक दबाव के कारण ये चक्र छोटे हो गए हैं।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

**110.** निम्नलिखित में से कौन–से कथन M.N. श्रीनिवास के सामाजिक परिवर्तन के सिद्धांतों को सही ढंग से दर्शाते हैं?

1. संस्कृतिकरण से किसी जाति की अनुष्ठानिक स्थिति में सुधार होता है।

2. पश्चिमीकरण का तात्पर्य ब्रिटिश शासन द्वारा लाए गए प्रौद्योगिकी, संस्थाओं और विचारधारा में परिवर्तनों से है।

3. प्रभु जाति का निर्धारण केवल ब्राह्मणवादी अनुष्ठानिक पदानुक्रम द्वारा होता है।

4. संस्कृतिकरण के परिणामस्वरूप हमेशा गाँव की राजनीतिक सत्ता संरचना में परिवर्तन होता है।

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) 1, 2 और 4

(D) 1, 2, 3 और 4

**111.** "सार्वभौमिकीकरण" और "स्थानीयकरण" किसके ढाँचे के अंतर्गत आने वाली प्रक्रियाएँ है?

(A) संस्कृतिकरण

(B) लघु और वृहद परंपराएँ

(C) पश्चिमीकरण

(D) आधुनिकीकरण

1004250

**112.** In the context of the "Sacred Complex" (L.P. Vidyarthi), which elements define the core interactions?

1. Sacred Geography (kshetra)
2. Sacred Performances (puja)
3. Sacred Specialists (priests)
4. Secular economic markets

(A) 1 and 2

(B) 1, 2 and 3

(C) 2, 3 and 4

(D) All of the above

**113.** The "Sacred Complex" of Gaya consists of three components. Which of the following is NOT one of them?

(A) Sacred Geography

(B) Sacred Performances

(C) Sacred Specialists

(D) Sacred Literature

**114. Direction**

For the below Assertion [Al and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** The "Dominant Caste" concept helps understand village power structures.

**Reason (R):** A dominant caste is defined by numeric strength, land ownership and political leverage, even if it is not the highest in the Varna hierarchy.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

**115.** Sequence the following stages of tool technology in the Indian Prehistoric record:

1. Microlithic (Mesolithic)
2. Acheulian (Lower Palaeolithic)
3. Polished Stone Axes (Neolithic)
4. Soanian (Pebble Tool)
5. Metal/Copper implements (Protohistoric)

(A) 4 - 2 - 1 - 3 - 5

(B) 2 - 4 - 3 - 1 - 5

(C) 4 - 2 - 3 - 1 - 5

(D) 2 - 4 - 1 - 3 - 5

112. "पवित्र संकुल" (L.P. विद्यार्थी) के संदर्भ में, कौन से तत्व मुख्य अंतर्क्रियाओं को परिभाषित करते हैं?

1. पवित्र भूगोल (क्षेत्र)
2. पवित्र अनुष्ठान (पूजा)
3. पवित्र विशेषज्ञ (पुजारी)
4. लौकिक आर्थिक बाज़ार

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) उपरोक्त सभी

113. गया के "पवित्र परिसर" में तीन घटक शामिल है। निम्नलिखित में से कौन–सा इनमें से एक नहीं है?

(A) पवित्र भूगोल

(B) पवित्र अनुष्ठान

(C) पवित्र विशेषज्ञ

(D) पवित्र साहित्य

114. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें–

अभिकथन (A): "प्रभावी जाति" की अवधारणा गाँव की सत्ता संरचनाओं को समझने में मदद करती है।

कारण (R): एक प्रभावी जाति को उसकी संख्यात्मक शक्ति, भूमि स्वामित्व और राजनीतिक प्रभाव के आधार पर परिभाषित किया जाता हैं, भले ही वह वर्ण–क्रम में सबसे ऊँचे स्थान पर न हो।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

115. भारतीय प्रागैतिहासिक अभिलेख में औजार प्रौद्योगिकी के निम्नलिखित चरणों को क्रमबद्ध करें :

1. माइक्रोलिथिक (मध्यपाषाण काल)
2. एश्यूलियन (निम्न पुरापाषाण काल)
3. पॉलिश की हुई पत्थर की कुल्हाड़ियाँ (नवपाषाण काल)
4. सोअनियन (कंकड़ औजार)
5. धातु/तांबे के औजार (आद्य–ऐतिहासिक काल)

(A) 4 - 2 - 1 - 3 - 5

(B) 2 - 4 - 3 - 1 - 5

(C) 4 - 2 - 3 - 1 - 5

(D) 2 - 4 - 1 - 3 - 5

116. Which of the following constitute the four Purusharthas?

1. Dharma (Duty)
2. Artha (Economic interest)
3. Kama (Desire)
4. Moksha (Liberation)

(A) 1 and 2
(B) 1, 2 and 3
(C) 2, 3 and 4
(D) All of the above

117. The "Tribe-Caste Continuum" model suggests that tribes become castes when they:

(A) Adopt Christianity
(B) Lose their land to moneylenders
(C) Gain a recognized place in the local social hierarchy (Jati)
(D) Move to urban cities

118. "Ghotul" is a youth dormitory associated with which tribe?

(A) Muria Gond
(B) Naga
(C) Juang
(D) Chenchu

119. Order the concepts of social integration in terms of scale (from smallest/localized to largest/universal):

1. Little Tradition
2. Great Tradition
3. Universalization
4. Parochialization

(A) 1 - 4 - 2 - 3
(B) 4 - 1 - 2 - 3
(C) 1 - 2 - 3 - 4
(D) 2 - 1 - 3 - 4

120. The "Onge' and 'Jarawa' tribes are categorized under which socio-economic stage?

(A) Shifting cultivators
(B) Pastoralists
(C) Hunting and Food Gathering
(D) Settled Agriculturists



10042025 10042025 10042025

116. निम्नलिखित में से कौन चार पुरुषार्थों का निर्माण करते हैं ?

1. धर्म (कर्तव्य)

2. अर्थ (आर्थिक हित)

3. काम (इच्छा)

4. मोक्ष (मुक्ति)

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) उपरोक्त सभी

117. ''जनजाति–जाति निरंतरता'' (Tribe-Caste Continuum) मॉडल यह बताता है कि जनजातियाँ तब जातीयाँ बन जाती हैं, जब वे :

(A) ईसाई धर्म अपना लेती हैं

(B) साहूकारों के हाथों अपनी ज़मीन गँवा देती हैं

(C) स्थानीय सामाजिक पदानुक्रम (जाति) में एक मान्यता प्राप्त स्थान हासिल कर लेती हैं

(D) शहरी शहरों में जाकर बस जाती हैं

118. ''घोटुल'' किस जनजाति से जुड़ा एक युवा–गृह है ?

(A) मुरिया गोंड

(B) नागा

(C) जुआंग

(D) चेंचु

119. सामाजिक एकीकरण की अवधारणाओं को पैमाने के अनुसार क्रमबद्ध करें (सबसे छेटे/स्थानीय से सबसे बड़े/सार्वभौमिक तक) :

1. लघु परंपरा

2. बृहद परंपरा

3. सार्वभौमीकरण

4. स्थानीकरण

(A) 1 - 4 - 2 - 3

(B) 4 - 1 - 2 - 3

(C) 1 - 2 - 3 - 4

(D) 2 - 1 - 3 - 4

120. ''ओंगे'' और ''जरावा'' जनजातियों को किस सामाजिक–आर्थिक चरण के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है ?

(A) स्थानांतरित कृषक

(B) पशुपालक

(C) शिकार और भोजन संग्रह

(D) स्थायी कृषक

**121. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Universalization is the process where Little Tradition elements move upward into the Great Tradition.

**Reason (R):** It explains how local deities and practices get incorporated into the mainstream Hindu pantheon or ritual structure.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

**122.** Order the sequence of industrial impact on tribal communities:

1. Displacement/Land alienation

2. Unskilled labor employment

3. Loss of traditional forest dependence

4. Economic migration / proletarianization

(A) 1- 3 - 2 - 4

(B) 3 - 1 - 2 - 4

(C) 1 - 2 - 3 - 4

(D) 3 - 2 - 1 - 4

**123.** Order the "Sacred Complex" research methodology:

1. Survey of Sacred Geography

2. Ethnographic study of Sacred Specialists

3. Observation of Sacred Performances

4. Analysis of Patron-Client interactions

(A) 1 -2 - 3 -4

(B) 1 - 3 - 2 - 4

(C) 2 - 1 - 3 - 4

(D) 3 - 1 - 2 - 4

**124.** Impact of industrialization on tribal society often leads to "Proletarianization." This means:

(A) Becoming owners of small industries

(B) Becoming landless wage laborers

(C) Returning to the forest

(D) Becoming religious leaders

**125.** Order the linguistic distribution in India from North/West to East:

1. Indo-European (Hindi/Punjabi)

2. Dravidian (Tamil/Telugu)

3. Austro-Asiatic (Munda/Santhal)

4. Tibeto-Burman (Manipuri/Khasi)

(A) 1 - 2 - 3 - 4

(B) 2 - 1 - 3 - 4

(C) 1 - 3 - 2 - 4

(D) 4 - 3 - 2 - 1

121. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

अभिकथन (A): सार्वभौमीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें 'लघु परंपरा के तत्व ऊपर की ओर बृहत् परंपरा' में चले जाते हैं।

कारण (R): यह बताता है कि किस प्रकार स्थानीय देवी–देवता और प्रथाएँ मुख्यधारा के हिंदू देवमंडल या अनुष्ठानिक संरचना में समाहित हो जाती हैं।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

122. आदिवासी समुदायों पर औद्योगिक प्रभाव के क्रम को व्यवस्थित करें :

1. विस्थापन/भूमि से अलगाव
2. अकुशल श्रम के रूप में रोज़गार
3. जंगल पर पारंपरिक निर्भरता का समाप्त होना
4. आर्थिक पलायन/सर्वहाराकरण

(A) 1-3-2-4

(B) 3-1-2-4

(C) 1-2-3-4

(D) 3-2-1-4

123. "पवित्र संकुल" (Sacred Complex) अनुसंधान पद्धति का क्रम निर्धारित करें :

1. पवित्र भूगोल का सर्वेक्षण
2. पवित्र विशेषज्ञों का नृजातीय अध्ययन
3. पवित्र अनुष्ठानों का अवलोकन
4. संरक्षक–आश्रित अंतःक्रियाओं का विश्लेषण

(A) 1-2-3-4

(B) 1-3-2-4

(C) 2-1-3-4

(D) 3-1-2-4

124. आदिवासी समाज पर औद्योगीकरण के प्रभाव से अक्सर "सर्वहाराकरण" (Proletarianization) की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसका अर्थ है :

(A) छोटे उद्योगों के मालिक बन जाना

(B) भूमिहीन मज़दूर बन जाना

(C) वापस जंगल लौट जाना

(D) धार्मिक नेता बन जाना

125. भारत में उत्तर/पश्चिम से पूर्व तक भाषाई वितरण का क्रम दें:

1. इंडो–यूरोपीय (हिन्दी/पंजाबी)
2. द्रविड़ियन (तमिल/तेलुगु)
3. ऑस्ट्रो–एशियाटिक (मुंडा/संथाल)
4. तिब्बती–बर्मन (मणिपुरी/खासी)

(A) 1-2-3-4

(B) 2-1-3-4

(C) 1-3-2-4

(D) 4-3-2-1

**126.** Factors contributing to "Land Alienation" among tribes include:

1. Encroachment by non-tribal moneylenders and traders.
2. Implementation of large-scale development/mining projects.
3. Lack of legal title deeds to traditional forest land.
4. Adoption of intensive urban migration.

(A) 1 and 2

(B) 1, 2 and 3

(C) 2, 3 and 4

(D) 1, 2, 3 and 4

**127.** The "fifth Schedule" of the Indian Constitution deals with:

(A) Administration of Tribal Areas in Assam, Meghalaya, Tripura and Mizoram

(B) Administration and control of Scheduled Areas and Scheduled Tribes in other states

(C) Languages of India

(D) Allocation of seats in Rajya Sabha

**128. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Anthropological study of tribes in India is unique compared to pure sociology.

**Reason (R):** Anthropology brings a holistic, ethnographic focus on tradition, environment, and culture-contact that sociology often overlooks.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true, and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A.

(C) A is true, but R is false.

(D) A is false, but R is true.

**129.** Match the racial element with its scholarly proponent:

| | Column A<br>Element | | Column B<br>Proponent |
|---|---|---|---|
| 1. | Negrito | i. | B.S. Guha |
| 2. | Proto-Australoid | ii. | H.H. Risley (approximate mapping) |
| 3. | Mongoloid | iii. | S.S. Sarkar (Serological focus) |
| 4. | Nordic/Caucasoid | iv. | Ancient migrations |

**Options:**

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

(C) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

(D) 1 - iii, 2 - iv, 3 - i, 4 - ii

126. जनजातियों में "भूमि अलगाव" के कारणों में शामिल हैं :

1. गैर–जनजातीय साहूकारों और व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण ।

2. बड़े पैमाने पर विकास/खनन परियोजनाओं का कार्यान्वयन ।

3. पारंपरिक वन भूमि के लिए कानूनी स्वामित्व दस्तावेजों का अभाव ।

4. बड़े पैमाने पर शहरी प्रवासन को अपनाना

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) 1, 2, 3 और 4

127. भारतीय संविधान की "पांचवीं अनुसूची" का संबंध किससे है?

(A) असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से

(B) अन्य राज्यों के अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से

(C) भारत की भाषाओं से

(D) राज्यसभा में सीटों के आवंटन से

128. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

अभिकथन (A): भारत में जनजातियों का मानवशास्त्रीय अध्ययन, विशुद्ध समाजशास्त्र की तुलना में अद्वितीय है ।

कारण (R): मानवशास्त्र, परंपरा, पर्यावरण और सांस्कृतिक संपर्क पर एक समग्र एवं नृजातीय दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जिसे समाजशास्त्र प्रायः अनदेखा कर देता है ।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य है, और R, A की सही व्याख्या है ।

(B) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है ।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है ।

129. नस्लीय तत्व को उसके विद्वान समर्थक से मिलान करें :

| कॉलम A | कॉमल B |
|---|---|
| तत्व | समर्थक |
| 1. निग्रिटो | I. B.S. गुहा |
| 2. प्रोटो–ऑस्ट्रेलॉइड | ii. H.H. रिज़ले (अनुमानित मिलान) |
| 3. मंगोलॉइड | iii. S.S. सरकार (सीरोलॉजिकल फोकस) |
| 4. नॉर्डिक/कोकेसॉइड | iv. प्राचीन प्रवास |

विकल्प :

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iv, 4 - iii

(C) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

(D) 1 - iii, 2 - iv, 3 - i, 4 - ii

**130.** Which of the following are constitutional safeguards specifically for Scheduled Castes (SC)?

1. Article 17 (Abolition of Untouchability)
2. Article 46 (Promotion of educational/ economic interests)
3. Article 330 (Reservation of seats in Lok Sabha)
4. Article 371 (Special provisions for NE States)

(A) 1 and 2

(B) 1, 2 and 3

(C) 2, 3 and 4

(D) All of the above

**131.** The PESA Act (1996) was enacted to empower:

(A) Urban Municipalities

(B) Gram Sabhas in Scheduled Areas

(C) Forest Departments

(D) State Governors only

**132.** Article 338A of the Constitution provides for:

(A) National Commission for Backward Classes

(B) National Commission for Scheduled Tribes

(C) Reservation in Promotion

(D) Special Central Assistance

**133.** Match the Linguistic Element with its region/group:

| | Column A (Element) | | Column B (Group/Region) |
|---|---|---|---|
| 1. | Austro-Asiatic | i. | Central Indian tribes (e.g., Munda) |
| 2. | Dravidian | ii. | Southern India/ Oraon |
| 3. | Tibeto-Burman | iii. | North-Eastern region |
| 4. | Indo-Aryan | iv. | Northern/ Western India |

**Options:**

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

(C) 1- iii, 2 - ii, 3 - i, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

**134. Direction**

For the below Assertion [A] and Reason [R] choose the correct alternative-

**Assertion (A):** Article 46 of the Indian Constitution is a directive principle concerning SCs and STs.

**Reason (R):** It mandates that the State shall promote, with special care, the educational and economic interests of the weaker sections.

**Instructions for all questions:**

(A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(B) Both A and R are true, but R is NOT the correct explanation of A,

(C) A is true, but R is false

(D) A is false, but R is true

130. निम्नलिखित में से कौन से संवैधानिक सुरक्षा उपाय विशेष रूप से अनुसूचित जातियों (SC) के लिए हैं?

1. अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन)
2. अनुच्छेद 46 (शैक्षिक/आर्थिक हितों को बढ़ावा)
3. अनुच्छेद 330 (लोकसभा में सीटों का आरक्षण)
4. अनुच्छेद 371 (पूर्वोत्तर राज्यों के लिए विशेष प्रावधान)

(A) 1 और 2

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) उपरोक्त सभी

131. PESA अधिनियम (1996) को सशक्त बनाने के लिए अधिनियमित किया गया था :

(A) शहरी नगरपालिकाएँ

(B) अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाएँ

(C) वन विभाग

(D) केवल राज्य के राज्यपाल

132. संविधान का अनुच्छेद 338A निम्नलिखित का प्रावधान करता है :

(A) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

(B) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(C) पदोन्नति में आरक्षण

(D) विशेष केंद्रीय सहायता

133. भाषाई तत्व का उसके क्षेत्र/समूह से मिलान करें :

| स्तंभ A (तत्व) | स्तंभ B (समूह/क्षेत्र) |
|---|---|
| 1. ऑस्ट्रो–एशियाई | i. मध्य भारतीय जनजातियाँ (जैसे, मुंडा) |
| 2. द्रविड़ | ii. दक्षिण भारत/उराँव |
| 3. तिब्बती–बर्मी | iii. उत्तर–पूर्वी क्षेत्र |
| 4. इंडो–आर्यन | iv. उत्तरी/पश्चिमी भारत |

विकल्प :

(A) 1 - i, 2 - ii, 3 - iii, 4 - iv

(B) 1 - ii, 2 - i, 3 - iii, 4 - iv

(C) 1 - iii, 2 - ii, 3 - i, 4 - iv

(D) 1 - iv, 2 - iii, 3 - ii, 4 - i

134. निर्देश

नीचे दिए गए अभिकथन [A] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनें –

अभिकथन (A): भारतीय संविधान का अनुच्छेद 46, SCs और STs से संबंधित एक निर्देशक सिद्धांत है।

कारण (R): यह अनिवार्य करता है कि राज्य, विशेष सावधानी के साथ, कमजोर वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देगा।

सभी प्रश्नों के लिए निर्देश :

(A) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

(B) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(C) A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

(D) A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

1000425 1000425 1000425

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

100425 100425 100425

52/GA/CC/M-2026-06

पुस्तिका श्रृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न–पुस्तिका

# मानवविज्ञान

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. यह प्रश्न–पुस्तिका तीन खण्डों में विभाजित है। खण्ड–I, खण्ड–II एवं खण्ड–III । खण्ड–I एवं खण्ड–III अनिवार्य हैं। उम्मीदवार खण्ड–II में खण्ड–II(a) या खण्ड–II(b) में से किसी एक का उत्तर दें।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 134 प्रश्न हैं। । खण्ड–I में प्रश्न संख्या 1 से 33 (अनिवार्य), खण्ड–II(a) में प्रश्न संख्या 34 से 67, खण्ड–II(b) में प्रश्न संख्या 68 से 101 एवं खण्ड–III में प्रश्न संख्या 102 से 134 (अनिवार्य) प्रश्न हैं।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
4. खण्ड–I (अनिवार्य), खण्ड–III(अनिवार्य) एवं खण्ड–II(a) या खण्ड–II(b) के प्रश्नों के उत्तर दें।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न–पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखे एवं कुटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।
6. परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर दायीं ओर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि प्रश्न–पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 54 और 55) सहित पूरे 56 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी श्रृंखला की दूसरी सही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
8. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
9. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर – (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही केवल एक उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक ही उत्तर चुनना है।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने चार वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं – Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ । प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।
11. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें। उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
13. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में **Self Adhesive LDPE Bag** में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.